CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव






## संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित: 19 बैठकों में सिर्फ 17.5 घंटे काम, 12 बिल पास; आखिरी दिन मोदी-शाह और राहुल सदन में मौजूद

नई दिल्ली। संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 1 मिनट चली, जबकि राज्यसभा करीब 1 घंटे चली। लोकसभा में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूरी कैबिनेट और विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद रहे। स्पीकर ओम बिड़ला ने वंदे मातरम गान के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। वहीं, राज्यसभा में आखिरी दिन MMDR संशोधन बिल पास हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी में उनके कार्यक्रम के बाद हुए शुद्धिकरण का मुद्दा उठाया। इधर, विपक्षी सांसद संसद के बाहर बंदर का खिलोना लेकर पहुंचे और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

लोकसभा में 114 घंटे में से 96 घंटे काम नहीं हुआ मानसून सत्र में लोकसभा की 19 बैठकें हुईं। सदन की सामान्य बैठक सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक होती है। दोपहर 1 से 2 बजे तक लंच ब्रेक रहता है। यानी एक दिन में करीब 6 घंटे कार्यवाही का समय होता है। इस हिसाब से 19 बैठकों में करीब 114 घंटे कार्यवाही होनी थी, लेकिन यह करीब 17 घंटे 30 मिनट ही चली। यानी करीब 96 घंटे 30 मिनट कम कार्यवाही हुई। वहीं, 2025 का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त 2025 तक



बंदर के खिलौने के साथ विपक्ष का प्रदर्शन

चला था। इसमें लोकसभा और राज्यसभा की 21-21 बैठकें हुईं। लोकसभा में सिर्फ 37 घंटे काम हुआ था।

### राज्यसभा में 114 घंटे में से 76 घंटे 34 मिनट काम नहीं हुआ

मानसून सत्र में राज्यसभा की बैठकें भी लोकसभा के बराबर रहीं और 114 घंटे कार्यवाही होनी थी, लेकिन राज्यसभा में लगभग 37 घंटे 24 मिनट काम हुआ। यानी करीब 76 घंटे 36 मिनट कम कार्यवाही हुई।

### मानसून सत्र में 12 नए बिल पेश, 11 दोनों सदनों में पास

2026 के मानसून सत्र में कुल 12 नए बिल पेश किए गए। इनमें 10 लोकसभा और 2 राज्यसभा में पेश हुए। लोकसभा में आए बिल टैक्स, बैंकिंग, खनन, ट्रिब्यूनल, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, परीक्षा में नकल रोकने, केरल का नाम बदलने और सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या जैसे मुद्दों से जुड़े हैं। माइंस एंड मिनरल्स संशोधन बिल के राज्यसभा से पास होने के बाद अब 12 में से 11 बिल दोनों सदनों से पास हो चुके हैं। केवल भारतीय सांख्यिकी संस्थान बिल अभी दोनों सदनों से पास नहीं हुआ है। राज्यसभा में पेश किए गए दोनों बिल भी लोकसभा से पास हो चुके हैं।

### राज्यसभा में भी कामकाज प्रभावित

राज्यसभा की स्थिति भी बहुत बेहतर नहीं रही। सत्र के दौरान राज्यसभा में करीब 37 घंटे 24 मिनट ही काम हो सका, जबकि करीब 114 घंटे की कार्यवाही की संभावना थी। इस तरह राज्यसभा में लगभग 76 घंटे 36 मिनट की कार्यवाही नहीं हो पाई। दोनों सदनों में लगातार विरोध और हंगामे का असर पूरे सत्र के कामकाज पर दिखाई दिया। कम कामकाज के बावजूद सरकार विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने में सफल रही। मानसून सत्र में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हल्द्वानी 'शुद्धिकरण' विवाद संसद पहुंचा: खड़गे के आरोप पर राज्यसभा में हंगामा

नई दिल्ली। उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद हुए कथित 'शुद्धिकरण' को लेकर शुरू हुआ विवाद गुरुवार को संसद तक पहुंच गया। मानसून सत्र के आखिरी दिन राज्यसभा में खड़गे ने आरोप लगाया कि जिस मंच से उन्होंने 8 अगस्त को जनसभा को संबोधित किया था, वहां बाद में हवन कर 'शुद्धिकरण' किया गया। इस मुद्दे पर सदन में जमकर हंगामा हुआ। खड़गे ने इसे गंभीर मामला बताते हुए सवाल उठाया कि क्या लोकतंत्र में यही तरीका है? उन्होंने इस मामले में कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। वहीं, केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि भाजपा ऐसी गतिविधियों का समर्थन नहीं करती और मामले की जांच कराई जाएगी।



नड्डा बोले- बीजेपी का इससे कोई लेना-देना नहीं

### संसद में क्या बोले मल्लिकार्जुन खड़गे?

कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 8 अगस्त को जिस मंच से उन्होंने रैली को संबोधित किया था, वहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने हवन कर उस मंच का शुद्धिकरण किया। खड़गे ने कहा, उस समय वहां लाखों लोग मौजूद थे। मैंने किसी समुदाय या धर्म का नाम नहीं लिया। मैंने सिर्फ वहां के लोगों की समस्याओं के बारे में बात की। लेकिन मेरे भाषण के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने हवन किया। कांग्रेस के इतिहास में दूसरे दलित नेता के तौर पर पार्टी की कमान संभालने वाले खड़गे ने आगे कहा, क्या लोकतंत्र में यही तरीका है? आप संविधान की रक्षा कैसे कर रहे हैं? मैं नेता प्रतिपक्ष हूं। मैं कभी इन मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं करना चाहता था। कांग्रेस सांसदों की जोरदार नारेबाजी के बीच राज्यसभा के सभापति ने खड़गे को शांत करने की कोशिश करते हुए इस बात पर जोर दिया कि दुनिया में छुआछूत से बड़ा कोई पाप नहीं है। उन्होंने कहा, इसकी निंदा होनी चाहिए। जिन्होंने यह किया है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भरत तिवारी एनकाउंटर मामला: सीएम सम्राट चौधरी का बड़ा ऐलान, परिवार को मिलेगी नौकरी और आर्थिक मदद



नई दिल्ली। बिहार के राजनीतिक गलियारों में भूचाल लाने वाले आरा के चर्चित भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक बहुत बड़ी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया है कि दिवंगत भरत तिवारी के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी और साथ ही उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर आधिकारिक पोस्ट साझा करते हुए इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में स्पष्ट किया है कि न्यायिक जांच की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर बिहार सरकार द्वारा यह मदद पीड़ित परिवार तक पहुंचाई जाएगी। न्यायिक जाँच के अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर बिहार सरकार द्वारा दिवंगत भरत तिवारी के परिवार को आर्थिक सहायता एवं एक परिजन को सरकारी नौकरी प्रदान की जाएगी।

### परिवार की प्रतिक्रिया और न्याय की मांग

सरकार के इस ऐलान के सामने आने के बाद भरत तिवारी के भाई चंदन तिवारी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यह उनके परिवार की मुख्य मांग नहीं है और उन्हें इस घोषणा के बारे में कोई औपचारिक जानकारी नहीं है। परिजनों का साफ कहना है कि उन्हें मुआवजे या नौकरी से ज्यादा न्याय की दरकार है। भरत तिवारी की मौत के लिए जो भी लोग कसूरवार हैं, सरकार उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करे। परिवार का यह भी कहना है कि इस मामले में अभी तक सिर्फ एक आरोपी की गिरफ्तारी हो सकी है, जबकि अन्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नादेड़ के गुरुद्वारे में अकाली दल प्रमुख सुखबीर बादल पर हमला, सुरक्षाकर्मी भी घायल; आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। शिरोमणि अकाली दल (SAD) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पर गुरुवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ स्थित तख्त सचखंड श्री हजूर अचलनगर साहिब गुरुद्वारे में हमला किया गया। हमले में बादल के हाथ में चोट आई, जबकि उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिस इंस्पेक्टर भी घायल हुए हैं। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद सुखबीर बादल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



### हमले में सुरक्षाकर्मी घायल, हमलावर गिरफ्तार

इस हमले के दौरान सुखबीर सिंह बादल की सुरक्षा में तैनात एक सुरक्षाकर्मी, जिनकी पहचान इंस्पेक्टर संतोष केंद्रे के रूप में हुई है, वे भी घायल हो गए हैं। हालांकि, सुरक्षाकर्मी की चोटों के संबंध में अभी कोई विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। हमलावर कौन था, इस बारे में अभी पूरी स्पष्टता नहीं है, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच के बाद इस मामले से जुड़े अन्य सभी तथ्य और विवरण सामने आएंगे।

### पीएम मोदी ने हरसिमरत कौर से फोन पर की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुखबीर बादल की पत्नी और SAD नेता हरसिमरत कौर बादल से फोन पर बात कर उनकी सेहत की जानकारी ली और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने सुखबीर सिंह बादल से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली और नांदेड़ के पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजपा नेत्री सरोज पांडेय के बैंक अकाउंट की डिटेल मांगी: कांग्रेस नेता ने शपथ पत्र में जानकारी छिपाने का आरोप लगाया

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय के 2018 के राज्यसभा निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान उनके बैंक अकाउंट से जुड़ी जानकारी का मामला सामने आया। हाईकोर्ट ने सरोज पांडेय को खाते की डिटेल मांगने वाले आवेदन पर दो हफ्ते में जवाब देने को कहा है।



हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

दरअसल, कांग्रेस प्रत्याशी रहे लेखराम साहू का आरोप है कि सरोज पांडेय ने चुनाव के दौरान दिए अपने शपथपत्र में बैंक अकाउंट की जानकारी छिपाई थी। इसी मामले में जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने जवाब मांगा है। दरअसल मार्च 2018 में छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की एक सीट के लिए चुनाव हुआ था, जिसमें भाजपा ने सरोज पांडेय और कांग्रेस ने लेखराम साहू को मैदान में उतारा था। चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने सरोज पांडेय के नामांकन पत्र और शपथ पत्र पर सवाल उठाए थे। बताया था कि सरोज पांडेय ने शपथ पत्र में कई महत्वपूर्ण जानकारियां छिपाई थीं। हालांकि, तत्कालीन निर्वाचन अधिकारी ने इन आपत्तियों को खारिज कर दिया था। इसके बाद मामला केंद्रीय चुनाव आयोग और राज्यपाल तक भी पहुंचा, लेकिन मतदान हुआ और सरोज पांडेय विजयी घोषित हुईं। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पराजित उम्मीदवार लेखराम साहू ने शपथपत्र में गलत जानकारी देने और कथित रूप से अपात्र विधायकों को मतदान की अनुमति दिए जाने को आधार बनाकर सरोज पांडे के राज्यसभा निर्वाचन को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। यह याचिका लंबे समय से लंबित है और इस पर नियमित सुनवाई जारी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राहुल गांधी, इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को दी चुनौती

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कानूनी मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। आय से अधिक संपत्ति के आरोपों को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा दिए गए निर्देशों के खिलाफ राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की है। हाईकोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को उनके खिलाफ मिली शिकायतों का सत्यापन करने और प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट की कॉज लिस्ट के मुताबिक, प्रधान न्यायाधीश सूर्या कांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ 17 अगस्त को इस मामले की सुनवाई कर सकती है।



### इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, 17 अगस्त को सुनवाई संभव

राहुल गांधी ने अपनी याचिका में इलाहाबाद हाईकोर्ट के 20 जुलाई के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो के जवाब पर असंतोष व्यक्त किया था और सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से नया हलफ़नामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत की कॉज लिस्ट के अनुसार, सीजेआई सूर्या कांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ 17 अगस्त को इस याचिका पर सुनवाई कर सकती है।

### सीबीआई के पुराने हलफनामे पर हाईकोर्ट ने जताई थी सख्त नाराजगी

दरअसल, इससे पहले सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया था कि सीबीआई द्वारा दाखिल किया गया जवाब कोर्ट के पिछले निर्देशों के अनुरूप नहीं था। अदालत ने टिप्पणी की थी कि सीबीआई के हलफनामे से यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि शिकायत पर अब तक क्या प्रगति हुई है। इसके बाद कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए सीबीआई के भ्रष्टाचार निरोधक मुख्यालय के संयुक्त निदेशक या जोन प्रमुख को खुद नया हलफनामा दायर करने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस से पकड़ाया 2 करोड़ का विदेशी सोना: 7 सोने के बिस्किट और एक सोने की छड़ मिली, दो संदिग्ध पकड़े गए

रायपुर। हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस में करीब 2 करोड़ रुपए का विदेशी सोना पकड़ा गया है। यह कार्रवाई आरपीएफ क्राइम ब्रांच रायपुर और नागपुर की टीम ने डीआरआई नागपुर के साथ मिलकर की।



ट्रेन के बी-12 कोच में तलाशी के दौरान दो संदिग्धों को पकड़ा गया। उनके पास से करीब 1.242 किलो सोना बरामद हुआ। इसमें 7 सोने के बिस्किट और एक सोने की छड़ शामिल है। बरामद सोने की कीमत 1 करोड़ 96 लाख 34 हजार 307 रुपए बताई गई है। आरपीएफ क्राइम ब्रांच नागपुर के निरीक्षक को सूचना मिली थी कि ट्रेन नंबर 12262 हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस में दो लोग विदेशी सोना लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही आरपीएफ क्राइम ब्रांच रायपुर और नागपुर की टीम को डीआरआई नागपुर के अधिकारियों के साथ जांच के लिए लगाया गया। संयुक्त टीम ने रायपुर से नागपुर के बीच ट्रेन में तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान बी-12 कोच में दो संदिग्ध मिले। दोनों को भंडारा-नागपुर के बीच पकड़ लिया गया। दोनों की तलाशी लेने पर 7 सोने के बिस्किट और एक सोने की छड़ मिली। कुल वजन करीब 1.242 किलो था। जांच में इसे विदेशी सोना बताया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईरानी सेना ने डोनाल्ड ट्रंप के दावे को किया खारिज, बोला- 'हमारी मंजूरी के बिना होर्मुज से नहीं गुजर सकते जहाज'

नई दिल्ली। ईरानी सेना ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका का स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पूरा नियंत्रण है। ईरान के मुख्य सैन्य कमान खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर ने गुरुवार को कहा कि कोई भी व्यावसायिक जहाज या तेल टैंकर ईरानी सशस्त्र बलों की अनुमति और निगरानी के बिना होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित तरीके से नहीं गुजर सकता। ईरानी सैन्य कमान के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फाघारी ने ईरानी मीडिया पर जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पहले की तरह ईरान के पूर्ण नियंत्रण और प्रबंधन में है। उन्होंने अमेरिकी दावे को झूठ और महज बयानबाजी करार दिया है। जोल्फाघारी ने कहा कि होर्मुज से जहाजों के सामान्य रूप से गुजरने को लेकर अमेरिका की ओर से किए जा रहे दावे सच्चाई से परे हैं। उन्होंने अमेरिकी सेना और नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे दावे उसकी हताशा और बेबसी को दिखाते हैं। ईरानी सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के नेता और उसकी सेना ईरानी सशस्त्र बलों की ताकत और प्रतिरोध क्षमता को पहले ही परख चुके हैं।



यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस सोशल मीडिया दावे के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका का स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर टोटल कंट्रोल है। जोल्फाघारी ने कहा कि ईरानी सशस्त्र बल क्षेत्र में अमेरिका और इजरायल की सभी गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान अपने लोगों के अधिकारों, देश की संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए किसी भी खतरे का जवाब देने से पीछे नहीं हटेगा। ईरान और अमेरिका के बीच होर्मुज को लेकर टकराव लंबे समय से जारी है। फरवरी के अंत में संयुक्त अमेरिकी-इजरायली हमलों के बाद ईरान ने अमेरिका और इजरायल से जुड़े जहाजों के सुरक्षित आवागमन पर रोक लगाने की बात कही थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दुर्ग या बिलासपुर में लागू हो सकता है कमिश्नरेट सिस्टम: रायपुर कमिश्नरेट का दायरा भी बढ़ेगा

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 15 अगस्त को रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड से प्रदेश में पुलिसिंग को लेकर दो बड़े ऐलान कर सकते हैं। सबसे ज्यादा चर्चा दुर्ग या बिलासपुर में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू करने और रायपुर में कमिश्नरेट का दायरा बढ़ाकर पूरे जिले को इसके तहत लाने को लेकर है।




15 अगस्त को सीएम साय कर सकते हैं ऐलान

पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री ने रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की घोषणा की थी। इसके बाद 23 जनवरी 2026 से राजधानी में यह व्यवस्था लागू हो गई। अब इसके अगले विस्तार की घोषणा स्वतंत्रता दिवस के मंच से होने की संभावना है। राज्य में पुलिस कमिश्नर प्रणाली का दायरा बढ़ाने की तैयारी चल रही है। चर्चा है कि दुर्ग या बिलासपुर में से किसी एक शहर में कमिश्नरेट सिस्टम लागू करने का ऐलान 15 अगस्त को किया जा सकता है। दोनों ही शहरों में तेजी से बढ़ती आबादी, शहरीकरण और कानून-व्यवस्था की जरूरतों को देखते हुए कमिश्नरेट व्यवस्था की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि सरकार दोनों शहरों में एक साथ यह व्यवस्था लागू करने का ऐलान करेगी या पहले किसी एक शहर से इसकी शुरुआत होगी। अंतिम तस्वीर मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद ही साफ होगी। रायपुर में 23 जनवरी से पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू है। फिलहाल कमिश्नरेट व्यवस्था में रायपुर के शहरी क्षेत्र को शामिल किया गया है, जबकि रायपुर ग्रामीण के लिए अलग पुलिस अधीक्षक की व्यवस्था है। ऐसे में इस बार रायपुर जिले को पूरी तरह कमिश्नरेट सिस्टम के दायरे में लाने की घोषणा भी अहम हो सकती है। यानी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ पुलिस के 12 अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रपति पदक, 15 अगस्त को सीएम साय करेंगे सम्मानित

रायपुर। 15 अगस्त का दिन छत्तीसगढ़ पुलिस बल के लिए गौरव और सम्मान का अवसर लेकर आ रहा है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पुलिस के 12 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा पदक और सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए जाने की घोषणा की थी। अब स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इन पदक विजेताओं को सम्मानित करेंगे।

### इन अधिकारियों को मिलेगा पदक

विशिष्ट सेवाओं के लिए रामावतार सिंह राजपूत सहायक उप निरीक्षक, रक्षित केंद्र जिला धमतरी को राष्ट्रपति पदक दिया जाएगा। सराहनीय सेवाओं के लिए पदक रामगोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, शशिमोहन सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायगढ़, श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण, राजश्री मिश्रा पुलिस अधीक्षक एटीएस, विशा पुलिस मुख्यालय रायपुर,



निवेदिता पाल सेनानी 6वीं वाहिनी छसबले रायगढ़, मनीषा ठाकुर रावटे सेनानी 20वीं वाहिनी छसबल महासमुंद, तारकेश्वर पटेल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जिला पुलिस मध्य पुलिस आयुक्त रायपुर नगरीय, उनैजा खातून अंसारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विआशा पुलिस मुख्यालय रायपुर, जयलाल मरकाम सहायक सेनानी प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई, हजारी लाल साहू, प्लाटून कमांडर, 20वीं वाहिनी छसबल महासमुंद को प्रदान किया जाएगा।

### एक अधिकारी को मिलेगा विशिष्ट सेवा पदक

छत्तीसगढ़ पुलिस में लंबे समय तक उत्कृष्ट एवं विशिष्ट सेवाएं देने वाले सहायक उप निरीक्षक रामावतार सिंह राजपूत, रक्षित केंद्र जिला धमतरी को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान पुलिस सेवा के दौरान उनके उल्लेखनीय योगदान और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दिया जा रहा है।

### रायपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां तेज

इधर, राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पुलिस परेड ग्राउंड में फुल-ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य समारोह में होने वाली परेड को लेकर सुरक्षा, अनुशासन और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### बजरंगपुर-नवागांव में धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**राजनांदगांव (दावा)।** जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल के तत्वाधान में होगा सामूहिक राष्ट्रीय गीत व भजन का आयोजन राजनांदगांव। जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल के तत्वाधान में इस वर्ष 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह बजरंगपुर, नवागांव में दोपहर 12 बजे से बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए संघ के सचिव अशोक सारथी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मनसुख सोनकर करेंगे। इस अवसर पर संघ से जुड़ी समस्त भजन मंडलियों के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से देशभक्ति से ओत-प्रोत राष्ट्रीय गीत एवं भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संघ के संगठन सचिव मोहन लाल सेन ने मंडल से संबद्ध सभी भजन मंडलियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में समय पर उपस्थित होकर राष्ट्रीय पर्व के इस आयोजन को सफल बनाएं।

### महापौर मधुसूदन यादव करेंगे नगर निगम में ध्वजारोहण


**राजनांदगांव (दावा)।** 15 अगस्त शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नगर निगम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा प्रातः 7:30 बजे नगर निगम केन्द्रीय कार्यालय टाऊन हाल में ध्वजारोहण किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने निगम अध्यक्ष सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों,सभी पार्षदों,नामांकित पार्षदों, गणमान्य नागरिकों,पत्रकार बंधुओं व अधिकरियों व कर्मचारियों से समारोह में उपस्थिति की अपील की है।

### आनंद विहार शिव मंदिर में हरेली पर्व पर हुआ रुद्राभिषेक, भक्तों को बांटी गई प्रसादी



राजनांदगांव (दावा)। पवित्र श्रावण मास की अमावस्या तिथि पर बुधवार को छत्तीसगढ़ का प्रथम लोक पर्व हरेली धूमधाम और पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर नगर के ममता नगर स्थित आनंद विहार कॉलोनी के शिव मंदिर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों एवं विविध आयोजनों का सिलसिला चलता रहा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पंडितों के सानिध्य में भगवान भोलेनाथ का विशेष रुद्राभिषेक एवं विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात शाम को आरती कर उपस्थित भक्तों के बीच प्रसादी का वितरण किया गया। धार्मिक आयोजन के दौरान छात्र युवा मंच के शहर अध्यक्ष भव्य देवांगन एवं चंद्रहास जंघेल ने अपने साथियों के साथ मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार के रूप में पोहा और जलेबी का वितरण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### गोलछा बुक डिपो के संचालक अमरचंद गोलछा का निधन



**राजनांदगांव (दावा)।** नगर की प्रतिष्ठित व्यावसायिक फर्म नेमीचंद मंगलचंद गोलछा (गोलछा बुक डिपो) के संचालक अमरचंद गोलछा (सुपुत्र- स्व. श्री मंगलचंद जी गोलछा) का बीती रात 8 बजे दुखद निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से नगर के व्यावसायिक एवं सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रों (मनीष गोलछा एवं धन्नू गोलछा), दो पुत्रियों सहित नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्व. अमरचंद गोलछा की अंतिम यात्रा आज अपराह्न 4 बजे उनके सदर बाजार स्थित निज निवास से निकलेगी, जो मुक्तिधाम लखोली जाएगी, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### पुनालाल पटेल का निधन



**डोंगरगाँव (दावा)।** समीपस्थ ग्राम पदगुड़ा निवासी पूनालाल पटेल का स्वर्गवास 12 अगस्त को हो गया है. वे बीएसएनएल कार्यालय डोंगरगांव से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे. वे आपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए. उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया.

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का किया गया अंतिम रिहर्सल

## कलेक्टर ने अंतिम रिहर्सल कर व्यवस्था का लिया जायजा, जिला पंचायत सीईओ ने निभाया मुख्य अतिथि का दायित्व



**राजनांदगांव (दावा)।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का रिहर्सल आज सुबह 9 बजे शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में किया गया। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने अंतिम रिहर्सल कर व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। जिला पंचायत सीईओ ने ध्वजारोहण किया। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान सीएसपी राजनांदगांव सुश्री वैशाली जैन उपस्थित रही।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल में बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, शहीद जवानों के परिजनों, पत्रकारों एवं जनसामान्य के लिए भी बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल की साज-सज्जा एवं सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड का नेतृत्व परेड कंमाडर रक्षित निरीक्षक राजनांदगांव श्री लोकेश कुमार कंवर ने किया। प्रशिक्षु सूबेदार राजनांदगांव सुश्री नेहा मान ने परेड टू-आई-सी का दायित्व निभाया। परेड में 15 प्लाटून भाग ले रहे हैं। परेड में जीडी आईटीबीपी राजनांदगांव, 8वीं वाहिनी राजनांदगांव, जिला बल पुरूष, पीटीएस बल पुरूष, जिला बल महिला, नगर सेना महिला, पीटीएस महिला बल, एनसीसी बालक दिग्विजय महाविद्यालय, नेवल विंग एनसीसी बालक दिग्विजय महाविद्यालय, एनसीसी बालिका दिग्विजय महाविद्यालय, एनसीसी बालिका कमला कालेज, एनसीसी बालक स्टेट हाई स्कूल, एनसीसी बालिका स्टेट हाई स्कूल, एनसीसी बालक जूनियर नेवल डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर, स्काउट-गाईड बालिका महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल शामिल हुए। रिहर्सल के दौरान पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिका निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रॉयल किड्स कान्वेन्ट, युगांतर पब्लिक स्कूल, संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पूर्ण गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, प्रशिक्षु आईएफएस सुश्री यशस्वी मौर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध गांजा बेचते आरोपी के कब्जे से 154 ग्राम गांजा जब्त, भेजा गया जेल



**राजनांदगांव (दावा)।** बसंतपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को रंगे हाथों धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 154 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में क्षेत्र में असामाजिक तत्वों, अवैध शराब और गांजा बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### पान ठेले के पास घेराबंदी कर पकड़ा

इसी कड़ी में गुरुवार, 13 अगस्त को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जोगीनगर निवासी कमलेश रामटेके (53 वर्ष) पिता देव रामटेके, जोगीनगर रोड स्थित छोटू पान ठेला के पास अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। सूचना मिलते ही बसंतपुर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 154 ग्राम गांजा (अनुमानित कीमत लगभग 900 रुपये) बरामद किया गया। पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## 'नौकरी नहीं, तो परीक्षा शुल्क ही सही!' एनएसयूआई का नाटकीय विरोध, वित्त मंत्री को कुरियर से भेजी टोपी



**राजनांदगांव (दावा)।** प्रतियोगी परीक्षाओं के नाम पर लिए गए शुल्क की वापसी, बेरोजगारी भत्ता और रोजगार के मुद्दे को लेकर एनएसयूआई ने गुरुवार को अनोखे और नाटकीय अंदाज में विरोध जताया। उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन भानुशाली, पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, विप्लव शर्मा, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, सहित कार्यकर्ता राजनांदगांव पोस्ट ऑफिस पहुंचे और वहां से वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निवास पर प्रतीकात्मक टोपी कूरियर से भेजी।

'सरकार को जिम्मेदारी की टोपी पहनाने का वक्त'

प्रदर्शन के दौरान उत्तर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन भानुशाली ने कहा कि 'जब सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही है, परीक्षा शुल्क वापस नहीं कर रही है और बेरोजगारी भत्ते के सवाल पर चुप है, तो अब सरकार को जिम्मेदारी की टोपी पहनाने का वक्त आ गया है।' ऋषि शास्त्री ने कहा कि 'भाजपा सरकार के पास युवाओं के लिए रोजगार नहीं है, लेकिन परीक्षा शुल्क लेने की पूरी व्यवस्था है। सरकार बताए-युवाओं के खातों में रोजगार कब आएगा और परीक्षा शुल्क की वापसी कब होगी?' उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं को राहत देने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को निःशुल्क करने की पहल की थी और बेरोजगार युवाओं के लिए रू.2500 प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ते की व्यवस्था की थी। आज सरकार को बताना चाहिए कि युवाओं के रोजगार और आर्थिक सुरक्षा के लिए उसकी प्राथमिकता क्या है।

एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव ने कहा कि पोस्ट ऑफिस से भेजी गई यह टोपी केवल प्रतीक नहीं, बल्कि प्रदेश के युवाओं की आवाज है। इसका संदेश साफ है कि युवा अब रोजगार, बेरोजगारी भत्ता और परीक्षा शुल्क वापसी जैसे सवालों पर चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने लंबित परीक्षा शुल्क की वापसी और युवाओं से जुड़े रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ते के मुद्दों पर जल्द स्पष्ट जवाब नहीं दिया, तो एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन भानुशाली, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, प्रदेश महासचिव राजा यादव, उमेश साहू, मिथलेश चंदेल, अंशु श्रीवास्तव,केशव वर्मा, दीपक मार्कण्डेय, जतिन पटेल, पीयूष द्विवेदी, संजय सिन्हा, मोहित देवांगन, संजू वर्मा, गीतेश शोरी, आयुष शर्मा, लिखनलाल आदि मौजूद रहे।

## अग्रवाल सभा द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण एवं राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम

**राजनांदगांव (दावा)।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अग्रवाल सभा, राजनांदगांव द्वारा शनिवार 15 अगस्त 2026 को ध्वजारोहण एवं राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री प्रमोद अग्रवाल (पाथरी वाले) होंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा कार्यक्रम के पश्चात उपस्थितजनों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था रहेगी। अग्रवाल सभा ने समाज के सभी सदस्यों से इस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमामय बनाने का आग्रह किया है। कार्यक्रम के आयोजन में अग्रवाल सभा अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती संतोष अग्रवाल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष चैतन्य अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारियों अग्र बंधुओं की सहभागिता रहेगी। सभा की ओर से सभी समाजजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ''जय हिन्द, वंदे मातरम्'' के साथ राष्ट्र के प्रति एकजुटता एवं समर्पण का संदेश दिया गया।

## सुधा पवार बनीं चेंबर महिला विंग की अध्यक्ष, हैरी जोसेफ के नेतृत्व में हुआ स्वागत-सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। लेबर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 17 स्थित आंगनवाड़ी परिसर में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स महिला विंग राजनांदगांव की अध्यक्ष पद पर श्रीमती सुधा पवार की नियुक्ति पर स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष हैरी जोसेफ रहे। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रीमती सुधा पवार का पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया और उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हैरी जोसेफ ने श्रीमती सुधा पवार को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स महिला विंग राजनांदगांव की अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। श्रीमती पवार के नेतृत्व में महिला विंग नई ऊंचाइयों को छुए और व्यापार एवं सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य करे, ऐसी अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का परिचय दे रही हैं। व्यापारिक क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में महिला विंग का मजबूत और सक्रिय नेतृत्व महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध करा सकता है।

**NOTICE U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932**

Notice is hereby given under section 72 of the Indian Partnership Act, 1932 that the following changes have been occurred in the constitution of the partnership, That the Name and style of partnership business is continued as **'RS GREEN POWERSS'** to **'RS AGRO FILDS'** and its Principal place of business 1487/2A, Kaurin Bhata, Stadium Road, Ward No. 38, District, Rajnandgaon [C.G.] -491441 with effect from 10/08/2026 Registration No. **222202413757** dated 05/08/2024.

Place: Rajnandgaon
Dated: 10.08.2026

**For, RS AGRO FIELDS**
**(Shri Atul Agrawal) Partner**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कोमल साहू पिता श्री भरत लाल साहू निवासी ग्राम उपरवाह पोस्ट उपरवाह तह. घुमका जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूँ।

मेरे पुत्र का नाम चेतन्य कुमार साहू (CHETANYA KUMAR SAHU) है जिसे बदलकर चैतन्य साहू (CHAITANYA SAHU) किया जाना है। मेरे पुत्र के हाईस्कूल (10वीं) की अंकसूची/प्रमाणपत्र में नाम चैतन्य साहू (CHAITANYA SAHU) पिता कोमल साहू दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के नाम को चेतन्य कुमार साहू (CHETANYA KUMAR SAHU) से बदलकर नया नाम चैतन्य साहू (CHAITANYA SAHU) को दर्ज किया जावे तथा भविष्य में मेरे सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, शैक्षणिक तथा अन्य सभी अभिलेखों में मेरे पुत्र को चैतन्य साहू (CHAITANYA SAHU) के नाम से ही जाना व पहचाना जावे। जिस हेतु यह सूचना राजपत्र में प्रकाशन करवाना चाहता हूँ।

**कोमल साहू**
पिता- श्री भरत लाल साहू
निवासी ग्राम उपरवाह, पोस्ट उपरवाह
तह. घुमका, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**शुभांक**

बी. के.
2-4-6
अनुमानित 670-3 278-7
राजधानी
1-5-8
355-3 135-9

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्र. 4931 राजनांदगांव, दिनांक 10/08/26

**।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) में लगने वाले औषधियों के क्रय हेतु निर्माता कम्पनी अथवा उनके अधिकृत विक्रता फर्म से मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड कोरियर के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसका नियम / शर्तों एवं औषधियों की सूची का अवलोकन कार्यालयीन दिवस पर प्रातः **10.00** बजे से शाम **05.00** बजे तक भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के मुख्य भंडार से किया जा सकता है।

01. निविदा प्रपत्र मूल्य : **1000 रु./-** (वापसी अयोग्य)।
02. निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि : **17.08.2026 सुबह 10.00 बजे से।**
03. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि : **15.09.2026** अपरान्ह **2.00** बजे तक।
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : **15.09.2026**अपरान्ह **3.00** बजे तक
05. निविदा खोले जाने की तिथि : **15.09.2026** सायं **04.00** बजे।

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सा राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 26 में।

जी- 262702747/2

यूरसंयुक्त संचालक एवं अधीक्षक भारत रत्न.
स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शा.चि. महा.
सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भ - जिला - राजनांदगांव, तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं. - 00038 कौरिनभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT 202526420536700145

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम कौरिनभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी लक्ष्मी निवास सारडा पिता/पति-पिता रतनलाल जी सारडा पता-वर्धमान नगर, राज. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 102/2 (0.2700) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजेश सारडा, रानी असावा पिता/पति-स्व.लक्ष्मी निवास सारडा पता-, पुष्पादेवी सारडा पिता/पति-स्व. लक्ष्मी निवास सारडा पता-के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24/08/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/08/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार: PYARELAL NAG
तहसील राजनांदगांव

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भ - जिला - राजनांदगांव, तहसील- राजनांदगांव, प.ह.नं.- 00038 कौरिनभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT 202526420536700143

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम कौरिनभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी लक्ष्मीनिवास पिता/पति-पिता-रतनलाल सारडा पता-वर्धमान नगर, राज. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 74/4 (0.0380) में प्रस्तावित भूमि स्वामी/क्रेता राजेश सारडा, रानी असावा पिता/पति-स्व. लक्ष्मी निवास सारडा पता... पुष्पादेवी सारडा पिता/पति-स्व.लक्ष्मी निवास सारडा पता-के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24/08/2026 को समय पर की जावेगी। सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता /आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/08/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार: PYARELAL NAG
तहसील-राजनांदगांव

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202608095300008-अ/6 (अ) वर्ष 2025-26

एतद सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक भीखम पिता शिवराम जाति लोधी निवासी-ग्राम सलोनी, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा ग्राम सलोनी तहसील डोंगरगढ़ खसरा नं. 117/3, रकबा 0.008 हे. एवं खसरा नं. 117/2 रकबा 0.036 हे. भूमि जिसे मेरे द्वारा क्रय किया गया था जो मेरे ऋण पुस्तिका में दर्ज है। ऋण पुस्तिका में खसरा नं. 117/3 रकबा 0.008 हे. एवं खसरा नं. 117/2 रकबा 0.036 हे. दर्ज है परन्तु ऑनलाईन बी-1 खसरा में खसरा नं. 117/2 रकबा 0.008 हेक्टेयर भूमि अंकित नहीं है। जिसके कारण मुझे शासकीय कार्यों में परेशानी हो रही है। खसरा नं. 117/2 रकबा 0.008 हे. जो मेरे ऋण पुस्तिका में अंकित है, जिसे ऑनलाईन दुरूस्त करने बाबत् आवेदन पत्र, बी-1 प्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 14.08.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 05.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़

**कार्यालय - जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्र./ तकनीकी/2026-27/ राजनांदगांव दिनांक 13.08.2026

**-: अल्प कालीन निविदा आमंत्रण द्वितीय सूचना :-**

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव द्वारा निम्न विवरण अनुसार निर्माण कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं छ.ग. शासन लो.नि.विभाग के **01.01.2015** से प्रचलित दर अनुसूची (भवन कार्य) की मुद्रित दरों पर निविदा प्रतिशत दर पर दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **18.08.2026 शाम 5.30 बजे तक**
2. परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि - **21.08.2026 दोप. 4.00 बजे तक**
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **26.08.2026 शाम 5.30 बजे तक**
4. निविदा खोलने की तिथि - **27.08.2026 दोप. 12.00 बजे**

निविदा प्राप्ति हेतु आवेदन के साथ समस्त आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ सत्य प्रतिलिपि प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी कार्यालयीन दिवस में तकनीकी कक्ष से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू) | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकासखण्ड कवर्धा के अंतर्गत सहकारी समिति कृतबांधा में गोदाम सह कार्यालय भवन का शेष निर्माण कार्य | 9.50 | 9500 | 1000 | 1 माह | सक्षम श्रेणी में पंजीकृत |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

SILVER SCREEN MULTIPLEX
14th Aug to 20th Aug 2026




Awarapan 2 - 12:00, 03:00, 06:30, 09:15 and 09:30 pm
The End Of Oak Street (Hindi 2D) - 12:30 pm
Batwara 1947 - 12:15, 03:15, 06:00, 06:15 and 09:00 pm
Spider Man Brand New Day (Hindi 2D) - 03:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
ता. 14 अगस्त से
विराट प्रदर्शन
आवारापन 2
इमरान हाशमी, दिशा पटानी




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# स्वास्थ्य कार्यालय में बड़ी चोरी : एसी, कूलर और कम्प्यूटर पार, जांच में जुटी पुलिस

**0 पुराना जिला अस्पताल परिसर बना असामाजिक तत्वों का अड्डा, पहले भी कई बार हो चुकी हैं चोरियां**

**0 जर्जर भवन और सुरक्षा में चूक के कारण कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी मंडरा रहा खतरा**



राजनांदगांव (दावा)। शहर के गुरुद्वारा चौक स्थित पुराने जिला अस्पताल के जर्जर परिसर में संचालित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर एसी, कूलर और कंप्यूटर पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। मामले की शिकायत सिटी कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई है, जिसके बाद पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि कार्यालय में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी कई बार चोरियां हो चुकी हैं। चोर दसों बार दफ्तर के महंगे कॉपर वायर चुरा चुके हैं। छोटी-मोटी चोरियों को विभाग अपने स्तर पर ठीक करवा लेता था, लेकिन इस बार चोरों के हौसले इतने बुलंद थे कि वे भारी-भरकम एसी, कूलर और कंप्यूटर ही ले उड़े।

### रात 8 बजे के बाद जमती है असामाजिक तत्वों की महफिल

सीएमएचओ डॉ. नवरतन ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुराना अस्पताल परिसर रात होते ही असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। रात 8 बजे के बाद यहां शराब और गांजे की महफिलें जमती हैं। कई बार युवक-युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में भी देखा गया है। पुलिस गश्त न होने के कारण असामाजिक तत्वों और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

कार्यालय के कर्मचारियों का कहना है कि मुख्य द्वार के सामने अवैध कब्जों और दुकानों की बाढ़ है। इन्हीं दुकानों की आड़ लेकर असामाजिक तत्व परिसर के भीतर प्रवेश करते हैं और रातभर नशाखोरी व अनैतिक गतिविधियां संचालित करते हैं। इसके अलावा, पुराना अस्पताल भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इसे डिस्मेंटल (ध्वस्त) किया जाना प्रस्तावित है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। आए दिन छतों का प्लास्टर गिरता रहता है, जिससे यहां कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर हैं।

### कोतवाली पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग

घटना के संबंध में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह को लिखित शिकायत देकर अज्ञात चोरों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई है। साथ ही, परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने की भी अपील की गई है।

# विचार अच्छे हो तो जीवन का रंग बदल जाता है - श्रेयांशप्रभ सागर

**शब्दों मैं शक्ति होती है इसलिए इसका चयन सोच समझकर करो**



राजनांदगांव (दावा)। परम पूज्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आज यहां कहा कि विचार तो चलते रहते हैं किंतु विचार अच्छे हो तो जीवन का रंग बदल जाता है। उन्होंने कहा कि हम दिन भर में 100 से ज्यादा शब्दों का उपयोग कर लेते हैं लेकिन हमारे शब्द चयनित और अच्छे होने चाहिए। शब्दों में शक्ति होती है, इसलिए इसका सोच समझकर चयन करना चाहिए। मुनि श्रेयांशप्रभ सागर जी आज जैन बगीचे के ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में धर्म सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जो आप बोल रहे हैं, वह आपको रिटर्न भी मिलता है, इसलिए आप अच्छा बोले। हमारी भाषा गलत नहीं होती बल्कि बोलने का तरीका गलत होता है। ज्ञान सबको है किंतु हमारे विचार बदलते हैं तो हमारे शब्द भी बदल जाते हैं। हमारे पास ज्ञान है तो फिर हम शब्दों का चयन क्यों गलत करते हैं? अगर कोई व्यक्ति गुस्सा करता है तो हम कहते हैं कि जब देखो तब गुस्सा करते रहता है, यदि इसकी जगह हम यह कहे हैं कि गुस्सा जल्दी शांत हो जाए तो शांत शब्द का प्रभाव सामने वाले पर पड़ेगा और साथ ही हम पर भी पड़ेगा तथा हमारा मन शांत हो जाएगा।

मुनि श्रेयांशप्रभ सागर जी ने कहा कि जब हम किसी को प्रेरित करते हैं तो सामने वाले का हौसला बढ़ता है। अच्छे शब्दों से हमारा भाव और शब्दों का प्रभाव बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा में शब्दों का चयन बहुत सोच समझकर करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति आलसी है तो हम उसे कहते हैं कि आलस छोड़ो जबकि हमें यह कहना चाहिए कि फुर्तीला बनो, तुम सब कर सकते हो, ऐसा कहने से आलस तो भागता ही है, व्यक्ति के शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। मुनिश्री ने कहा कि जो आप बोल रहे हैं सोच समझकर बोलिए और अच्छे शब्दों का चयन कर बोलिए। हम रोज कई ऐसे सब बोलकर अपने आप को पीछे धकेल देते हैं जो हमें नहीं बोलना चाहिए, वह बोल देते हैं। शब्दों का प्रभाव पड़ता है। शब्दों में वह ऊर्जा होती जो हमें शक्ति प्रदान करती है। बार-बार अच्छे शब्दों का उच्चारण करने से सकारात्मक नतीजे सामने आते हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

## पहला कॉलम...

### श्री मिथिलाधाम में हरियाली अमावस्या पर कमल पुष्प से हुआ बाबा बैद्यनाथ का भव्य अभिषेक



राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रसिद्ध श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित बाबा बैद्यनाथ शिवलिंग पर पवित्र श्रावण मास के अवसर पर प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की पूजन सामग्रियों से दिव्य अभिषेक किया जा रहा है, जिसे अत्यंत फलदायी एवं पुण्यकारी माना गया है। इसी क्रम में हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर मुख्य यजमान श्रीमती अंबिका चौधरी एवं मनोज चौधरी ने अनेक श्रद्धालुओं के साथ मिलकर बाबा बैद्यनाथ का नीले व लाल कमल के पुष्पों से विशेष अभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की। श्री मिथिला धाम मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर रोजाना श्रद्धालु कांवर से जल लाकर भी श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक कर रहे हैं। मंदिर में चल रहे संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजन-अर्चन विद्वान पंडित देवानंद झा के मुखारविंद व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराए जा रहे हैं। मंदिर समिति के संरक्षक अशोक चौधरी ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं व श्रद्धालुओं से श्रावण मास के इस पावन अवसर पर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करने और पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### महापौर ने सफाई मित्र व स्वच्छता दीदीयो को किया रेनकोट वितरण



राजनांदगांव (दावा)। वर्षा ऋतु में निगम सीमाक्षेत्र में सफाई व्यवस्था के सुचारू क्रियान्वयन के लिये महापौर श्री मधुसूदन यादव ने सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयो को रैनकोट वितरण किया। इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि हमारे सफाई मित्र नगर निगम की प्रमुख कडी है, इनके कारण ही हमारा शहर स्वच्छ एवं साफ रहता है, और हम स्वच्छ वातारण में निवास करते है।

इसी प्रकार हमारी स्वच्छता दीदीया घर घर गिला एवं सुखा कचरा अलग अलग संग्रहण कर एसएलआरएम सेन्टर में लाकर उसका निपटान करते है। इनके द्वारा गिला कचरा से बनाए खाद हमारे घर के गमले व उद्यान को हरा भरा करने में प्रमुख भूमिका निभाते है। इनके कार्यो को ध्यान में रखकर इनकी सुरक्षा हमारी महती जिम्मेदारी है और बारिश में कार्य में व्यवधान न हो करके इन्हें रेनकोट दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमे सफाई में और मेहनत कर स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 में स्थान पाना है, इसके लिए नागरिको में भी जन जागरूकता लाकर उन्हें स्वच्छता से जोडना है।

महापौर श्री यादव ने आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैंकी बग्गा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सुनील साहू, सावन वर्मा, आलोक श्रोती, श्रीमती वर्षा सिन्हा, राजा माखीजा, डीलेश्वर प्रसाद साहू, वरिष्ठ सभापति श्रीमती खेमीन राजेश यादव, कनिष्ठ सभापाति संदीप बघेल, पार्षदगण शिव वर्मा, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, कमलेश बंधे, मनोहर यादव, श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, प्रमोद झंझाडे, श्रीमती प्रिंयका पंकज कुरंजेकर, चंद्रशेखर लश्करे, संतोष कुमार साहू, रवि सिन्हा, सतीश कुमार साहू, श्रीमती अमृता सिन्हा, सेवक राम उईके, डुरेन्द्र साहू, नामांकित पार्षद श्रीमती करूणा राजपूत, भीष्म देवांगन, सूर्यकांत श्रीवास, श्रीमती मंजू यादव, देवाशीष झा, श्रीमती कीर्ति बोरकर व नागेश यदु, पूर्व पार्षद विजय राय व मुकेश ध्रुव के साथ रैनकोट का वितरण किया।

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि हमारे सफाई मित्रों के सफाई कार्य को देखते हुये तथा इन्हें बारिश में सफाई के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसलिए रेनकोट का वितरण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इसी प्रकार इन्हें अन्य सुरक्षा सामग्री का वितरण नगर निगम द्वारा समय समय पर किया जाता है, ताकि ये अपने दायित्वों का बिना कोई परेशानी के कुशलता पूर्वक निर्वहन कर सके।

वितरण कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता (संविदा) यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव सहित अधिकारी कर्मचारी एवं सफाई मित्र व स्वच्छता दीदी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने पर जोर- शशिकांत द्विवेदी

रायपुर (दावा)। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 की तैयारियों को समय से पहले अंतिम रूप देने और किसानों को निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) में प्राधिकृत अधिकारी शशिकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान खरीदी, खाद वितरण, वित्तीय प्रबंधन तथा शाखावार कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

बैठक में खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत उपार्जित धान के निराकरण, मिलर्स द्वारा धान उठाव, भारतीय खाद्य निगम एवं नान में चावल जमा, कस्टम मिलिंग, परिवहन व्यवस्था तथा समितियों में उपलब्ध शेष धान की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को धान के समयबद्ध निराकरण एवं भंडारण क्षमता का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

आगामी खरीफ सीजन 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपार्जन केंद्रों की अधोसंरचना, बारदाना उपलब्धता, आवश्यक उपकरण, मानव संसाधन, किसान पंजीयन, सीसीटीवी, इंटरनेट एवं विद्युत व्यवस्था को समय पर पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



धान खरीदी, खाद वितरण, वित्तीय प्रबंधन और अधोसंरचना विकास की हुई समीक्षा

बैठक में उर्वरक वितरण व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की गई। यूरिया, डीएपी, एनपीके, नैनो उर्वरकों सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता, समितिवार वितरण, भंडारण, स्टॉक सत्यापन, परिवहन व्यवस्था तथा आगामी सीजन की मांग के अनुरूप पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

लेखा शाखा की समीक्षा के दौरान आय-व्यय, वित्तीय स्थिति, लंबित देयकों की वसूली, भुगतान, ऑडिट आपत्तियों के निराकरण, बैंक मिलान तथा लंबित अग्रिम राशि के समायोजन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही समितियों के लंबित प्रकरणों, शिकायतों एवं विभागीय निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा कर शाखावार जिम्मेदारियां और समय-सीमा निर्धारित की गई।

प्राधिकृत अधिकारी श्री शशिकांत द्विवेदी ने सभी शाखा एवं कक्ष प्रभारियों को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें, व्यवसायिक गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा आगामी समीक्षा बैठक में अद्यतन प्रगति प्रस्तुत करें। उक्त समीक्षा बैठक में प्रमुख रूप से मार्कफेड की अपर प्रबंध संचालक श्रीमती भारती चंद्राकर, सचिव भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, वित्तीय नियंत्रक इमरान खान, महाप्रबंधक विपणन कैलाश वर्मा महाप्रबंधक कृ.सा . दिलीप जायसवाल, मुख्य लेखा अधिकारी सी. एस. चौहानआदि अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नंदई चौक की किराना दुकानों में खुलेआम पीडीएस चावल की अवैध खरीदी - संदीप सोनी



राजनांदगांव (दावा)। युवा कांग्रेस उत्तर ब्लॉक के अध्यक्ष संदीप सोनी ने कहा कि नंदई चौक स्थित तीन किराना दुकान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के चावल की खुलेआम अवैध खरीदी जोरो-शोरो से चल रही है। गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से मिलने वाले चावल को खाद्य अधिनियम का उल्लंघन कर निजी तौर पर अति कम दाम में खरीद कर रईस मिलो में मोटे दामों में बेचकर मोटी रकम कमाई जा रही है। इससे पहले भी इनके दुकानों से पीडीएस का चावल जप्त किया गया एवं इनके द्वारा भेजा गया चावल रईस मिल से भी जप्त किया गया लेकिन कोई ठोस कारवाही नहीं होने पर इनका मनोबल और बढ़ गया एवं जिला प्रशासन से डर खत्म हो गया इसी के कारण आज बेखौफ होकर खुलेआम खाद अधिनियम का उल्लंघन कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान एवं अवैध खाद पकड़ने के बाद ऐसा लगा कि अवैध पीडीएस चावल में भी बड़ी कारवाही होगी लेकिन पीडीएस मामले में ऐसा नहीं हुआ बल्कि जिला प्रशासन के जवाबदार अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी कारवाही नहीं हो पाई।

श्री सोनी कहा कि यह गंभीर विषय है कि यदि शासकीय राशन की इस प्रकार खुलेआम खरीदी हो रही है तो जिला प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। पीडीएसचावल की अवैध खरीदी से शासन की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होती है और पात्र हितग्राहियों के अधिकारों का नुकसान होता है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं खाद्य विभाग से मांग करते हैं कि नंदाई चौक की संबंधित किराना दुकान की तत्काल जांच कराई जाए चावल के स्टॉक एवं खरीदी-बिक्री के रिकॉर्ड की जांच की जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी मांग है कि पीडीएस चावल की अवैध खरीदी में यदि कोई अन्य व्यक्ति या व्यापारी शामिल है, तो उसकी भी जांच कर कार्रवाई की जाए।

# झूम तराना महोत्सव, रायपुर में एनबीआईएस, बोरी का उत्कृष्ट प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों ने लिटिल जीनियस अकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित झूम तराना महोत्सव में भाग लेकर समूह गीत में द्वितीय एवं एकल गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता रायपुर स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 11 से 14 अगस्त तक आयोजित की गई थी।

राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतियोगिता में शाला के बच्चों ने सामूहिक एवं एकल गीत विद्या में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किए है। शाला परिवार के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है। शाला के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी द्वारा प्रतिभागी सभी बच्चों के साथ ही मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस प्रतियोगिता में सामूहिक गायन में शाला के दिव्यांशा अग्रवाल, अद्विका गौर, दुलिशा परमार, रिद्धि जैन, समृद्धि जैन, मनन पंजवानी, हर्षित साहू, कौस्तुभ क्षीरसागर व सोम निषाद ने हिस्सा लिया। इसी तरह एकल गीत में शाला की कक्षा बारहवीं की छात्रा दिव्यांशा अग्रवाल ने सीनियर सोलो सेमी-क्लासिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। शाला के संगीत शिक्षक हेमंत हिरवानी, हेमंत साहू, श्रिया मार्जिवे व क्रिति बख्शी के मार्गदर्शन में छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह स्थान प्राप्त किया है। शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व कार्यालय कर्मचारियों ने सभी बच्चों को बधाई एवं आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

# कवियित्री एवं व्याख्याता श्रीमती गायत्री साहू को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि



राजनांदगांव (दावा)। जिला पेंशनर संघ के सचिव रहे स्व. सी.आर. साहू की पुत्र वधु व बालोद जिले की प्रसिद्ध कवयित्री, लेखिका एवं व्याख्याता श्रीमती गायत्री साहू को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान किया गया है। उक्त उपाधि उनके शोधपरक कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद-नई दिल्ली द्वारा दी गई है। उक्त सम्मान कवयित्री गायत्री साहू के साहित्यिक एवं शैक्षणिक जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद-नई दिल्ली में हुआ मानद सम्मान**

इस गरिमामय सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि माननीय गुरुनाम सैनी, मंत्री, हरियाणा शासन रहे।अध्यक्षता डॉ. राम अवतार शर्मा, अधिवक्ता, माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली एवं चेयरमैन, अंतरराष्ट्रीय मानव कल्याण संस्थान ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेंद्र सैनी, फरीदाबाद उपस्थित रहे।

बता दें कि श्रीमती गायत्री साहू लंबे समय से शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। कवयित्री एवं लेखिका के रूप में उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक सरोकारों, नारी सम्मान, मानवीय संवेदनाओं एवं समसामयिक विषयों को प्रभावशाली अभिव्यक्ति प्रदान की है। वहीं व्याख्याता के रूप में वे शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

### 'रक्तदान जीवन का अनुष्ठान' पर लिखी पुस्तक,


बता दें कि श्रीमती साहू की दो पुस्तकों का विमोचन हो चुका है। उनकी पुस्तक 'रक्तदान जीवन का अनुष्ठान' समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता एवं मानवीय सेवा का प्रेरणादायी संदेश देता है। उनकी 25 से अधिक रचनाएँ विभिन्न स्थानीय, प्रांतीय एवं राष्ट्रीय स्तर के साहित्यिक संकलनों में प्रकाशित हो चुकी हैं। इसके साथ ही उनके द्वारा रचित अनेक हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी गीतों के ऑडियो एल्बम भी रिलीज हो चुके हैं, जिनमें सामाजिक एवं जनजागरूकता से जुड़े संदेशों को प्रमुखता दी गई है।

कोरोना महामारी के कठिन दौर में भी श्रीमती गायत्री साहू ने पोस्टर, गीत, कविताओं एवं रंगोली के माध्यम से लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे सामाजिक सरोकारों से भी निरंतर जुड़ी हुई हैं। पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके प्रयास उल्लेखनीय हैं। गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों के लिए सकोरा वितरण अभियान वे पिछले कई वर्षों से संचालित कर रही हैं और लोगों को जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक होने के लिए प्रेरित करती आ रही हैं।

साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके शोध, सृजनात्मक कार्य एवं सामाजिक योगदान को सम्मान देते हुए प्रदान की गई मानद डॉक्टरेट की उपाधि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजनांदगांव जिले व बालोद जिले के कवि साहित्यकारों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# शासकीय मेडिकल कालेज में सफल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी से मिली मरीजों को नई जिंदगी





राजनांदगांव (दावा)। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के अस्थि रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के सफलतापूर्वक हिप रिप्लेसमेंट (कूल्हे के जोड़ का प्रत्यारोपण) सर्जरी से मरीजों को नई जिंदगी मिली है। मरीज लंबे समय से कूल्हे के जोड़ में असहनीय दर्द एवं चलने फिरने में कठिनाई से पीड़ित थे। आवश्यक जांच एवं चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत मरीजों को हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी की सलाह दी गई। निर्धारित समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के पश्चात सभी मरीजों की स्थिति सामान्य है।

विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष रावटे ने बताया कि अर्जुनी जिला बालोद निवासी 60 वर्षीय कृष्णा राम साहू पिछले एक वर्ष से बाएं कूल्हे में असहनीय दर्द एवं चलने में परेशानी से पीड़ित थे। जांच में एवैस्कुलर नैक्रोसिस पाया गया। बेलगांव जिला गोदिया (महाराष्ट्र) निवासी 25 वर्षीय चंद्र प्रकाश पिछले 1 वर्ष से दाएं कूल्हे में असहनीय दर्द तथा पैर छोटा बड़ा होने की शिकायत से परेशान थे। ग्राम हरदी जिला राजनांदगांव निवासी 35 वर्षीय सुमित कुमार यादव 7 वर्ष पूर्व लगी चोट के बाद से दाएं कूल्हे में दर्द एवं चलने में कठिनाई से जूझ रहे थे। जांच में सेकेंडरी ओस्टियोआर्थराइटिस की पुष्टि हुई। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी की उपलब्ध आधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा गंभीर कुल्हा रोग से पीड़ित मरीजों को बेहतर उपचार से मिलने से सामान्य जीवन की नई उम्मीद मिली है। कूल्हे के जोड़ के क्षतिग्रस्त होने के सफल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरीमुख कारणों में सिकल सेल रोग, ओस्टियोआर्थराइटिस तथा लंबे समय तक दर्द निवारक दवाओं अथवा स्टेरॉयड के सेवन जैसी स्थितियां शामिल है। उन्होंने बताया कि आधुनिक चिकित्सा तकनीकों एवं अनुभवी विशेषज्ञों के प्रयासों से हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी अब पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित एवं प्रभावी हो गई है। सर्जरी के पश्चात फिजियोथैरेपी की सहायता से मरीज शीघ्र ही सामान्य रूप से चलने में सक्षम हो सकते हैं।

विभागाध्यक्ष एवं सह प्राध्यापक डॉ. सुभाष रावटे के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक डॉ. दिवाकर भुआर्य, सहायक प्राध्यापक डॉ. मानस श्रीवास्तव, सीनियर रेजिडेंट डॉ. अनुराग शर्मा एवं डॉ. शुभम रोहिल्ला की टीम ने सफल शल्य चिकित्सा संपन्न की। ऑपरेशन में एनेस्थीसिया विभाग की विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक डॉ. दुर्गा कोसम एवं सह प्राध्यापक डॉ. स्मृति बंधु का विशेष सहयोग रहा।

## अनमोल दावा

> **किसी के चेहरे की मुस्कान की वजह बनो, खुशी ही नहीं सुकून भी मिलेगा।**

## खेल में अपनी प्रतिभा को पहचाने और भविष्य संवारें

एक समय था जब यह माना जाता था कि केवल पढ़ाई-लिखाई ही उज्ज्वल भविष्य और अच्छी नौकरी का मार्ग है। इसी सोच को दर्शाते हुए कहा जाता था- 'पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे बनोगे खराब।' लेकिन आज का भारत इस धारणा को पूरी तरह बदल चुका है।

इसलिए आज के दौर में यह कहना उचित नहीं होगा कि केवल पढ़ाई-लिखाई ही सफलता का एकमात्र मार्ग है। यदि किसी में खेल के प्रति जुनून, अनुशासन और समर्पण है, तो वह खेलों के माध्यम से भी अपने सपनों को साकार कर सकता है। शिक्षा और खेल, दोनों मिलकर व्यक्तित्व का समग्र विकास करते हैं तथा जीवन में सफलता के नए द्वार खोलते हैं।

खेल केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास, अनुशासन और सफलता की ऐसी पाठशाला है, जहाँ से भविष्य के विजेता तैयार होते हैं। आज खेलों में करियर की असीम संभावनाएँ हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मान, रोजगार, आर्थिक सुरक्षा और वैश्विक पहचान मिल रही है। ऐसे समय में प्रत्येक युवा के लिए आवश्यक है कि वह अपनी खेल प्रतिभा को पहचाने और उसे सही दिशा देकर अपने भविष्य को संवारे।

हर बच्चे के भीतर कोई न कोई विशेष क्षमता होती है। किसी की गति उसे उत्कृष्ट धावक बनाती है तो किसी की फुर्ती कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, तीरंदाजी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल या अन्य खेलों में सफलता दिला सकती है। यदि प्रतिभा को समय पर प्रशिक्षण और अवसर मिले, तो वही खिलाड़ी प्रदेश और देश का गौरव बनता है।

खेलों का सबसे बड़ा योगदान यह है कि वे जीवन के महत्वपूर्ण गुणों का विकास करते हैं। अनुशासन, धैर्य, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, समय प्रबंधन और संघर्ष का साहस खेल के मैदान में ही सीखा जाता है। यही गुण आगे चलकर जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नींव रखते हैं।

छत्तीसगढ़ में खेलों को नया स्वरूप देने की दिशा में राज्य शासन ने उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने, ग्रामीण और जनजातीय अंचलों के युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने तथा खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए अनेक पहल की जा रही हैं। प्रदेश में आधुनिक खेल अधोसंरचना का विकास, प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार, खेल अकादमियों को सुदृढ़ करना तथा विभिन्न स्तरों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इसी के साथ ही इस वर्ष से छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स का सफल आयोजन किया गया है।

विशेष रूप से बस्तर ओलंपिक और सरगुजा ओलंपिक जैसी अभिनव पहल ने खेलों को गाँव-गाँव तक पहुँचाया है। इन आयोजनों ने दूरस्थ वनांचलों और जनजातीय क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया है। परंपरागत खेलों के साथ आधुनिक खेलों को भी बढ़ावा देकर हजारों युवाओं, महिलाओं और बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। इन प्रतियोगिताओं ने यह साबित किया है कि अवसर मिलने पर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने की क्षमता रखते हैं।

इसके साथ ही विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं, ग्रामीण खेल आयोजनों, प्रतिभा खोज कार्यक्रमों तथा प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से नई प्रतिभाओं की पहचान की जा रही है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, सम्मान और विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध कराकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तर पर कई पुरस्कार प्रदान करती है। जिसमे गुंडाधुर सम्मान शामिल है। यह छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण के तहत दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल पुरस्कार है। यह पुरस्कार बस्तर के वीर नायक गुंडाधुर की स्मृति में, खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाता है। दूसरा महाराज प्रवीरचंद भंजदेव के नाम पर है। यह पुरस्कार विशेष रूप से तीरंदाजी के खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। इसी के साथ छत्तीसगढ़ में खेल प्रोत्साहन योजना भी शुरू की गई है, जिससे युवाओं में खेल का अवसर प्राप्त हो सके।

छत्तीसगढ़ के कई ऐसे खिलाड़ी, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, जो छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। वर्तमान में ज्ञानेश्वरी यादव ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 (ग्लासगो) में महिला 53 किलोग्राम वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। अमितेश कुजूर ने राष्ट्रमंडल खेल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसी प्रकार अन्य खिलाड़ियों ने भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

आज खेल केवल खिलाड़ी बनने तक सीमित नहीं हैं। खेल प्रशिक्षक, फिटनेस विशेषज्ञ, खेल प्रबंधन, खेल विज्ञान, खेल पत्रकारिता और खेल प्रशासन जैसे अनेक क्षेत्रों में भी युवाओं के लिए रोजगार और करियर के नए अवसर उपलब्ध हैं। इसलिए खेल को अब केवल शौक नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण के प्रभावी माध्यम के रूप में देखा जाना चाहिए।


अभिभावकों और शिक्षकों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की रुचि और क्षमता को पहचानें तथा उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। पढ़ाई और खेल एक-दूसरे के पूरक हैं। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही उत्कृष्ट शिक्षा और सफल जीवन का आधार बनते हैं।

# ममता पर पत्थरमारी : समय बलवान, समय का तकाजा, सत्ताहीन हुवे नेताओं का कड़वा अनुभव



**सूरज बुद्धदेव**

**भारत में अहंकारी, जिद्दी और स्वैच्छाकारिता का दौर चल रहा है। समय अपना काम करता है। समय बलवान है। इसका अनुभव उन राजनीतिज्ञों को भी होता है, जिनके अवगुणों के दर्शन जनता को होते हैं। देश के दो क्षेत्रों में याने कि राजनीति और कारपोरेट क्षेत्र। कारपोरेट की हरियाली जैसी कम्पनियां जब नुकसानी झेलती है, तब लोग कहते हैं-समय बदल गया है। उसकी कार्यशैली अदालत से घिरी रहती है। जहां जुडीसरी प्रोसेस लम्बी चलती है। परन्तु, राजनीति में सत्ता खो जाने के बाद बहुत ही कठिन समय का तुरन्त ही सामना करना पड़ता है। राजनीतिज्ञ सत्तासीन होता है और जब वह सत्ता गुमा देता है, तब की स्थिति में जमीन-आसमान का अन्तर होता है। जिसका ताजा उदाहरण, पश्चिम बंगाल की भूतपूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के कफिले पर पत्थरमारी का होना है। ऐसे ही दयनीय हालात पर ``समय बलवान है'' वाली बात सतह पर आ जाती है।**



जब ममता बेनर्जी सत्ता पर थी, तब उनकी कारों के काफिलें पर पुलिस का बंदोबस्त था। उस समय कोई ''जय श्री राम'' का नारा भी नहीं लगा सकता था।

अगर कोई ऐसा नारा लगाता भी था, तब ममता बेनर्जी कार से बाहर आकार उसे पकड़कर लाने का आदेश देती थी।

वर्तमान का समय ''रिवर्स गेयर'' जैसा है। हाल ही, ममता बेनर्जी अपने कार्यकर्ता की मृत्यु होने पर घटना स्थल पर गई थी, तभी उनके काफिले पर पत्थरमारी हुई थी, उनके काफिले को घेर कर ''जय श्री राम''के नारे लगाए थे। जो पुलिस ममता के इशारे से चाहे जिस किसी को फटकार लगाती थी, वही पुलिस अब ममता के सामने पत्थरबाजी के वक्त मुकदर्शक बन गई थी।

सत्ताहीन अनेक राजनीतिज्ञों को पब्लिक प्लेस में जनरोष का सामना करना ही पड़ता है। लेकिन, यहां नेपथ्य में प्रतिशोध की राजनीति के संदेह को नकारा नहीं जा सकता। तृणमूल कांग्रेस के अनेक नेताओं पर लोगों ने टार्गेट बनाकर अण्डे-टमाटर फेंके थे। टी.एम.सी. की सांसद महुआ मोईत्रा लगभग दो माह पहले जब कोलकाता से दिल्ली इंडिगो की फलाईट में जा रही थी, तभी एयरपोर्ट पर लोगों ने 'तृणमूल चोर' और 'जय श्री राम' के नारे लगाए थे। वे प्लेन में बैठी तभी उनकी पीछे की सीट पर नारे लगाए गए थे। पश्चिम बंगाल में अभिषेक बेनर्जी 'सुपर बास' थे। चुनाव परिणाम प्रतिकूल आने के बाद उनकी भी सार्वजनिक स्थान पर धुलाई हुई थी। उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री को चुनौती दी थी। उन पर हमला हुआ तब भी पुलिस बल मूकदर्शक बना हुआ था।

तमिलनाडु में जिन पुलिस बल जो डी.एम.के. के सत्तासीन रहे स्टालीन के पुत्र उदयनिधि की सेवा में 24 घण्टे सेवारत थे, उन्होंने उदयनिधि पर एफ.आई.आर. होते ही उसे 'लाक-अप' में डाल दिया था। क्योंकि, अब उनके पास सत्ता नहीं थी। जनरोष छिपेतौर पर जब रहता है, किन्तु, सत्तासीन के सामने वे बर्दाश्त करने विवश रहते हैं। किन्तु, वही राजनीतिज्ञ जब सत्ता से बाहर हो जाता है, तब जनरोष भपक उठता है। उनके हाथ में अवसर आते ही वे उन पर टूट पड़ते हैं। सत्ता पर बैठे राजनीतिज्ञ भी भयग्रस्त रहते हैं। वे आमंत्रित करने वालो को पूछते हैं कि अन्य अतिथियों में कौन हैं? कौन-कौन भाषण करने वाला है? आयोजकों का स्टेटस-परिचय क्या है? ऐसे सारे संशयों को दूर करने प्रश्न पूछते हैं।

पुलिस विभाग या प्रशासनिक अधिकारी वर्ग उन्ही के प्रति वफादार, सेवारत रहता है, जो नेता सत्ता पर रहता है। वे कभी भी पराजित हुवे नेताओं का समर्थन नहीं करता। यह हकीकत सत्तासीन राजनीतिज्ञ भी समझने लगे हैं। कोई भी राजनीतिज्ञ सामने से चलकर जहां विरोध हो रहा है, उन क्षेत्रों में नहीं जाते। वास्तव में राजनीति दोधारी तलवार समान है। सत्ता पर रहे तब भी चेतते रहना और सत्ता पर ना रहे तब उन्हें ज्यादा सावधान रहना पड़ता है। सत्ता पर रहने वाले को पुलिस की मदद व सुरक्षा मिलती है। सत्ता निकलते ही पुलिस ऐसे राजनीतिज्ञों से मुंह फेर लेती है।

राजनीतिज्ञों का दुर्भाग्य यह है कि सत्ता पर जो होता है, वे अपने मतदाताओं को भूल जाते है। राजशाही, ठाटबाट में सत्ताभोगी अपने कर्तव्य से विमुख हो जाते हैं। लोगों के बीच जाकर शांति से समस्या जानना नहीं चाहते। इस कारण ही समय पलटते ही जनता के तीव्र रोष का सामना उन्हें करना पड़ता है।

## लघु कथा - हक



**मदन मंडावी**

हक अधिकार सभी का बना होता है। एक समय की बात है, एक जीववादी गृहस्वामी अपने परिवार के सभी सदस्यों से प्रेम तो करता ही था , साथ ही वह जीवों के प्रति भी दया का भाव प्रकट करने से नहीं चूकते थे। अपने भोजन का कुछ हिस्सा पशु-पक्षियों को भी दे देते थे। उनके घर के पास सुबह- सुबह दो कुत्ते बारी-बारी आ जाया करता थे। जिन्हें रोटी मिलती थी ।

एक दिन सुबह जो कुत्ता पहले पहुंचा था ,उस कुत्ते के सामने खाने को रोटी रख दी और अपने घर भीतर चला गया। इसके तुरंत बाद अगला कुत्ता भी पहले कुत्ते के स्थान पर तेजी से आ धमका। अब दोनों कुत्ते रोटी को मिल बांटकर खाने के बजाय आपस में लड़ने झगड़ने लग गए। दोनों कुत्तों की आवाज सुनकर गृहस्वामी अपने घर से बाहर निकला वह देखता है कि, दोनों कुत्ते रोटी खा लेने के बजाय आपस में एक- दूसरे को काटते हुए झगड़ रहे हैं। गृहस्वामी चाहता था कि रोटी बराबर बांटकर दे दी जाए और द्वंद्व समाप्त किया जाए, किन्तु दोनों कुत्ते काफी आक्रामक हो चुके थे। गृहस्वामी को इस दृश्य को देखकर गुस्सा आ गया। उसने अपने घर से एक लंबा डंडा निकाला और दोनों कुत्तों को डंडा से पीटकर भगा दिया। उसी समय छत पर खड़े होकर उसके पड़ोसी यह दृश्य देखा। उसने कहा.. 'आप रोज कुत्तों को रोटी देते हैं आपका कुत्तों को पीटकर भगाना मुझे समझ नहीं आया...? भोजन देने वाला व्यक्ति किसी को मारकर भगा कैसे सकता है.?' गृहस्वामी ने कहा.. ये दोनों कुत्ते मेरा नहीं है और न ही इन कुत्तों को मैं जानता हूँ। मुझे जीव पालने की आदत भी नहीं है और सब जीवों को स्वच्छंदता पसंद है, बंदिशें नहीं। मैं तो इंसानियत के नाते इन्हें रोटी परोस रहा था। यदि ये चाहते, तो शांतिपूर्वक आपस में मेरे दिए हुए रोटी बांटकर कर खा सकते थे। हक जताने का अधिकार तो दोनों का नहीं था। भाईचारे से काम लेना था। जब इन दोनों में समझदारी नहीं है, तो मैं ऐसी आफत को अपने घर के पास क्यों रखूँ.? शायद इस विवाद में गृहस्वामी का यही धर्म था।

द्वारा, डोंगरगढ़, (छत्तीसगढ़)

## सामयिक चर्चा

### सबद सम्हारे बोलिए!


बानी बोले- ''गजाधर!
सन्त-मुनि कहते है
खुश रहने के लिए
भाषा में सुधार जरूरी है।
तो गजाधर! इस पर
आप क्या मत व्यक्त करते हैं?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
''इसीलिए तो बानी!
क्रोधी और अंहकारी को लोग
पसन्द नहीं करते हैं।
क्रोधी मारे क्रोध के
कुछ भी बक जाता है।
और अंहकारी को अपनी तारीफ करने,
और दूसरे को चिढ़ाने में
मजा आता है।
मेरा तो यह भी कहना है बानी।
खुश रखने के लिए भी
भाषा में सुधार जरूरी है।
बानी ने जिज्ञासा की- ''वो कैसे?''
गजाधर ने कहा- 'वो ऐसे -
देखो, किसी को कह दो -
''तुम नालायक हो!
तो वह एकदम बुरा मानता है।
और उसी को इस तरह से कहो -
''तुम इस काम के लायक नहीं हो।''
तो वह बुरा नहीं मानता
बल्कि नम्रता से कहता है -
''मैं आप से कहूँ,
बताइए, मैं कौन-सा
काम करूँ?''



गुरूवार 13 अगस्त 2026

गिरीश बख्शी

# जनमन-कामकाज की भाषा छत्तीसगढ़ी



**विजय मिश्रा 'अमित'**

**आज राजभाषा आयोग स्थापना दिवस**

भारत के लगभग सभी प्रान्तों में राजभाषा हिन्दी और अंग्रेजी की अमिट छाप दिखाई देती है। सदियों से इन दोनों भाषाओं ने विशाल बरगद की भांति अपनी शाखाओं को, जड़ों को जनमन के भीतर तक फैला रखा है। ऐसी स्थिति में वर्तमान में छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा को तीसरे क्रम पर ही हम पाते है। अपने ही घर में जगह पाने को व्याकुल देखते हैं।

### कार्यालयीन भाषा बनने में बाधक

यह सर्वमान्य है कि किसी भी राज्य की कार्यालयीन भाषा वहां के निवासियों की समझ के अनुरूप होना ही चाहिए। इसीलिए हमारे देश के विभिन्न राज्यों में संचालित कार्यालयों में वहीं की भाषा का ही उपयोग अधिकांशतः किया जाता है।

छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास को देखें तो स्पष्ट होगा कि राज्य बनने के पूर्व छत्तीसगढ़ी बोली-भाषा को कार्यालयीन भाषा बनाने के लिए कारगर उपाय नहीं किये गये।नया राज्य बनने के बाद इस दिशा में सराहनीय पहल की गई है। 28 नवम्बर 2007 को छत्तीसगढ़ी बोली को राजभाषा दर्जा देने की घोषणा हुई। आगे 14 अगस्त 2008 में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का गठन किया गया। इसके बावजूद अब तक छत्तीसगढ़ी भाषा को समुचित मान सम्मान नहीं मिला है।

इसके पीछे अनेक कारण हैं। सबसे पहले तो जनप्रतिनिधियों में दृढ़इच्छा शक्ति का अभाव है। उनमें घोर उदासीनता झलकती है। यहां के अधिकांश उच्चाधिकारी-कर्मचारी छत्तीसगढ़ी भाषा से पूरी तरह से वाकिफ नहीं हैं। कार्यालयीन कार्यों में छत्तीसगढ़ी भाषा को इस्तेमाल करने के लिए समुचित मार्गदर्शक किताबों का अभाव है। सतत् कार्यशाला का आयोजन भी नहीं हो रहा है।

### बढ़ावा देने हेतु हों कारगर प्रयास

हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र-राज्य शासन द्वारा स्नातकोत्तर की डिग्री लेने पर प्रोत्साहन स्वरूप इंक्रीमेंट दिया जाता था। ऐसी व्यवस्था छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए बनना चाहिए।

राजभाषा दिवस पर प्रति वर्ष हिंदी दिवस की तरह छत्तीसगढ़ी भाषा दिवस, पखवाड़ा का आयोजन होना चाहिए। कार्यो में छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग करने की बाध्यता हो।

सभी विभागों में छत्तीसगढ़ी अनुवादक की भर्ती सहित छत्तीसगढ़ी भाषा विकास समिति का गठन होना चाहिए। किसी भी विभाग/कार्यालय द्वारा सर्वाधिक कार्य-निष्पादन छत्तीसगढ़ी में किया जाता है, उसका वार्षिक मूल्यांकन कर राजभाषा दिवस पर पुरस्कृत किया जाना चाहिए। कार्यालय एवं परिसर में छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखित नारें, निर्देश, सूचना पट्टिका लगाने की अनिवार्यता होनी चाहिए।

### छत्तीसगढ़ी को पाठ्यक्रम में जोड़ें

बालपन में ग्राह्य शक्ति बहुत अधिक होती है। इस उम्र में ग्राह्य की गई बातें आजीवन स्मृति पटल पर बनी होती है, अतः राजभाषा छत्तीसगढ़ी को प्राथमिक स्तर से ही जोड़ने की आवश्यकता है। स्कूल कालेज में वार्षिक समारोह में छत्तीसगढ़ी लोकगीतों नृत्यों, खेलों सहित बड़ी पुरस्कार राशि देए राज्य स्तरीय निबंध स्पर्धा हो।

### राजभाषा छत्तीसगढ़ी का जनमन में प्रसार

आम जनता तक छत्तीसगढ़ी भाषा को पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम लोकमंच हैं। ऐसे लोकमंच अब आधुनिक साधन के आने पर रेडियो, टेलीविजन, फिल्म, सोशल मीडिया के साथ साथ विविध राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव में भी प्रमुखता से स्थान पाने लगे हैं।

बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन, एयरपोर्ट में सूचनाओं का प्रसारण छत्तीसगढ़ी भाषा में होने लगा है। बड़ी संख्या में किताबों का प्रकाशन, कवि गोष्ठी, कहानी पठन, नाटकों का मंचन और फिल्मों का निर्माण भी हो रहा है।

छत्तीसगढ़ी भाषा संबंधी सवाल प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ी में स्नातक, स्नातकोत्तर की उपाधियां दी जा रही है। इसे दृष्टिगत रखते हुए हम कह सकते हैं कि राजभाषा छत्तीसगढ़ी का भविष्य उज्ज्वल है।

*खेत-खलिहान गॉव-गॉव ले*
*लुगरा धोती ललकारत हे।*
*छत्तीसगढ़ी माटी म*
*सुआ-कर्मा ठेठरी-खुरमी ममहावत हे।*

अग्रोहा कालोनी रायपुर (छ.ग.)
मोबा. 98931 23310

## लघुकथा

### // गरिमा //

शिक्षक योगेंद्र उइके जी का पिछला मेडिकल रिपोर्ट देख डॉक्टर विक्रम सिंह जी को उनके प्रति नाराजगी महसूस हुआ। पर उन्होंने हँसते हुए बड़े विनम्रतापूर्वक इतना ही बोला-'सर! अभी तक आपने अपना प्रॉपर ट्रीटमेंट क्यों नहीं करवाया। आखिर इतना लेट क्यों? आप पर मुझे बहुत गुस्सा आ रहा है; बट आप एक टीचर हैं, आपको मैं नहीं डाँट सकता।'

उइके जी से गलती तो हुई ही थी; चुपचाप बैठा रहा बेचारा। डॉक्टर कंस्लटेंसी के उपरांत वे क्लीनिक से बाहर निकले। साथ ही, उनके साथ एक जुनियर डॉक्टर प्रशांत भूषण भी बाहर आये। चलते-चलते उइके जी ने डॉ. प्रशांत से पूछा-'सर! डॉ. विक्रम साहब ने मुझे मेरी गलती पर क्यों नहीं डाँटा?' मैं एक शिक्षक तो हूँ ही, लेकिन उनके पास मैं एक पैसेंट के रूप में गया था। वे मेरे डॉक्टर हैं; और मैं उनका पैसेंट।'

जुनियर डॉक्टर प्रशांत जी मुस्कुराते हुए बोले-'सर! आप एक शिक्षक हैं, पैसेंट के पहले। वे एक डॉक्टर से पहले एक स्टूडेंट रहे हैं। एक शिक्षक के हाथों एक डॉक्टर का निर्माण हो सकता है, पर एक डॉक्टर एक शिक्षक कभी नहीं बना सकता। नेवर।'



**टीकेश्वर सिन्हा**
**'गब्दीवाला**

## राशिफल

**मेष** — मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा और आपको धन लाभ के नए सोर्स भी नजर आ सकते हैं। आज आपको रोजगार में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ उठाकर आप आगे बढ़ सकते हैं। आज आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृष राशि** — वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज आपके पराक्रम और धैर्य में वृद्धि होगी, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज आपका दांपत्य जीवन सौहार्द से भरा रहेगा, आप जीवनसाथी के साथ मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज आपको आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

**मिथुन** — मिथुन राशि वालों आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। आज आपके दैनिक जीवन की गतिविधियाँ अच्छी चलेंगी। आज आपका झुकाव अध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। आज आप परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है।

**कर्क** — कर्क राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका काम मन मुताबिक होगा। आज मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। आज आप भाई बहनों के साथ शॉपिंग करने जायेंगे, सबके साथ अच्छे से इंजॉय करेंगे। आज आप काम के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें।

**सिंह** — सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स आज अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। आज आपको ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे काम सही समय पर पूरा हो जायेगा। आज सोचे हुए सभी काम समय पर पूरे होंगे।

**कन्या** — कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आप व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। आज आपको ऑफिशियल पेंडिंग कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है।

**तुला** — तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। आज वर्कप्लेस पर आपको किसी कार्य के लिए सहकर्मियों और सीनियर्स की मदद मिलेगी जिससे आपके कार्य पूर्णता की ओर बढ़ेंगे। आज कपड़ा व्यापारियों को अधिक लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज वैवाहिक जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोतरी होगी और परिवार में सम्पन्नता बनी रहेगी।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज व्यापार में आपको अच्छा लाभ होगा। आज नौकरी में आपको प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आप नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। आज पारिवारिक सुख सौहार्द बना रहेगा और संतान से सुख मिलेगा।

**धनु** — धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके सोचने की क्षमता में तेजी आयेगी और आप पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। आज ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक आयोजन की सूचना मिल सकती है, जिसमें आप शामिल होंगे, कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आप किसी विषय को समझने के लिए सीनियर की मदद ले सकते हैं।

**मकर** — मकर राशि वालों आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। इस राशि के हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स के लिये आज का दिन अनुकूल है। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा लेकिन रोजमर्रा के कामों में आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। आज आपको कारोबार में रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**कुंभ** — कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कोर्ट-कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आज घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज अचानक आपके घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। आज आप जो भी काम करने की सोचेंगे, उसे लेकर पॉजिटिव नजरिया रखने से सब काम अच्छे से होंगे।

**मीन** — मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त मिलेंगे, जो आपकी तरक्की में सहायक होंगे। आज आप किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे व्यक्तियों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। आज आप अपनी बेहतर सोच से हालात को संभालने में सफल रहेंगे।

# आबकारी विभाग का काम कर रही है पुलिस




**अवैध शराब की बिक्री के रोकथाम के मामले में आबकारी विभाग फिसड्डी**

डोंगरगांव (दावा) अनुभाग डोंगरगांव के अंतर्गत अनेक मदिरा दुकान संचालित हैं. जहां से बड़ी संख्या में कोचियों के द्वारा शराब का अवैध परिवहन किया जाता है और अवैध बिक्री की जाती है. इस मामले में आबकारी विभाग की कार्यवाही क्षेत्र में शून्य है, जिससे क्षेत्र को देख रहे अधिकारी कर्मचारी सवालों के घेरे में हैं.

वहीं आबकारी विभाग का काम जनमानस के ध्यान में रखते हुए बल कम होने और काम की अधिकता के बाद भी पुलिस को करना पड़ रहा है. अभी तक डोंगरगांव अनुभाग के अंतर्गत आबकारी विभाग के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई बल्कि शराब कोचिया और अवैध चखना सेंटरों को संरक्षण देने का आरोप लगते रहता है.

फिलहाल डोंगरगांव पुलिस के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश में नशा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शराब के अवैध कारोबार करने के मामले में कार्यवाही की है. थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर ने बताया कि अलग-अलग प्रकरणों में कुल 11.340 लीटर देशी प्लेन शराब कीमती 5,040 रुपये तथा शराब परिवहन एवं बिक्री में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं एक्टिवा वाहन जप्त किया गया है. 12 अगस्त 2026 को ग्राम कुमरदा बाजार चौक के पास लाल रंग की एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 08 एजेड 2749 की डिक्की से 25 पौवा शोले ब्राण्ड एवं 06 पौवा रोमियो ब्राण्ड देशी प्लेन शराब, कुल मात्रा 5.580 लीटर, कीमती 2,480 रुपये तथा शराब बिक्री की नगद रकम 600/- रुपये, कुल 3,080/- रुपये बरामद कर विधिवत जप्त किया गया है जिसके साथ आरोपी डिकेश्वर साहू पिता स्व.घनश्याम साहू उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम कुमरदा को पकड़ा गया है. वहीं सेवतापारा डोंगरगांव मे दो व्यक्ति दीपक कुमार यादव एवं नीलम सोनकर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 एस 3450 में रखे 32 पौवा देशी प्लेन शराब, सवा सेरा ब्राण्ड, कुल मात्रा 5.760 बल्क लीटर, कीमती 2,560 रुपये बरामद कर विधिवत जप्त किया गया तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल को भी जप्त किया गया.

इन आरोपियों द्वारा शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज अथवा अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उनके विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई.

थाना प्रभारी श्री रहटगांवकर ने कहा कि नशा के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा. कार्यवाही में प्रशिक्षु उप निरीक्षक रमाकांत कुर्रे, प्रधान आरक्षक बृजमोहन यादव, ललिता तुलावी, आरक्षक बीसराम वर्मा, रामचरण साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# महाराणा प्रताप मंगल भवन में राजपूत क्षत्रिय महासभा राजनांदगांव जोन की बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ (रहटादह पं. क्र. 1282) के राजनांदगांव जोन की एक महत्वपूर्ण बैठक चिखली स्थित महाराणा प्रताप मंगल भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के कोषाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी नीरज सिंह क्षत्रिय ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रवीर महाराणा प्रताप एवं प्रभु श्री राम चंद्र जी के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना व दीप प्रज्ज्वलन के साथ जयघोष के बीच हुआ। इसके पश्चात राजनांदगांव उपसमिति द्वारा मुख्य अतिथियों—जोन प्रभारी नीरज क्षत्रिय, महासभा के प्रचार सचिव व जोन प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिंह तथा केंद्रीय महिला सचिव मधुबाला सिंह—का भव्य स्वागत-सम्मान किया गया। बैठक में जोन की विभिन्न उपसमितियों से आए पदाधिकारियों का भी अभिनंदन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जोन प्रभारी नीरज क्षत्रिय ने कहा कि राजनांदगांव उपसमिति सदैव अपने नवाचार और उत्कृष्ट आयोजनों के लिए पहचानी जाती है। उन्होंने आगामी कार्ययोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को निर्धन सहायता कोष का गठन, विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस, समाज में बढ़ती विवाह योग्य आयु की समस्या, नशा मुक्ति, आर्थिक मेला तथा महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाने होंगे। बैठक के दौरान निर्धारित एजेंडे के तहत हाल ही में संपन्न 62वें महाधिवेशन के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही आगामी दिनों में आयोजित होने वाले करियर गाइडेंस सेमिनार, योग शिविर और क्विज (प्रश्नोत्तरी) प्रतियोगिता की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर महासभा के मीडिया प्रमुख आदर्श सिंह ठाकुर, 62वें महाधिवेशन संयोजक पवन सिंह, सह-संयोजक राखी सिंह, उपसमिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय, सचिव रघुनंदन सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बैस, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य केदार सिंह, डोंगरगांव से चंद्रपाल सिंह विनोद, डोंगरगढ़ से आर.एन. सिंह सोलंकी, छुईखदान से थालेंद्र सिंह व पीतांबर सिंह, बालोद से लोमेश बैस, गंडई से विष्णु सिंह, महिला अध्यक्ष शशि चौहान, उमेश चौहान, संजय बैस, महावीर सिंह गहरवार, चंद्रभान सिंह, प्रताप चौहान, रीना राजपूत, पूरन सिंह राजपूत, गणेश सिंह, किशोर सिंह, शेष नारायण सिंह, सुरेंद्र सिकरवार, घनश्याम सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व समाजजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी केंद्रीय मीडिया सेल प्रमुख ठाकुर आदर्श सिंह ने दी।

## पहला कॉलम...

### 15 अगस्त समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप, हुआ अंतिम रिहर्सल



खैरागढ़ (दावा)। स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमामय एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित करने की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह का अंतिम रिहर्सल किया गया। इस दौरान समारोह में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का निर्धारित क्रम के अनुसार अभ्यास कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अंतिम रिहर्सल के दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल उपस्थित रहे।।अधिकारियों ने परेड, मार्च-पास्ट, ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान सहित स्वतंत्रता दिवस समारोह की विभिन्न तैयारियों का निरीक्षण किया।

रिहर्सल में परेड दलों द्वारा निर्धारित क्रम के अनुसार मार्च-पास्ट का अभ्यास किया गया। इसके साथ ही समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई, साज-सज्जा, पेयजल, सुरक्षा, यातायात तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री के नाम संदेश वाचन भी किया जाएगा। इसके अलावा ध्वजारोहण, परेड, मार्च-पास्ट एवं राष्ट्रगान कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण होंगे। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अंतिम रिहर्सल के साथ ही 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

### बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा में शिवमय हुआ डोंगरगांव



डोंगरगांव (दावा)। नगर में चंद्रमोलेश्वर महादेव (बाबा महाकाल) यात्रा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास व भक्तिमय माहौल में पूर्ण हुआ. यह यात्रा शहर के प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमानजी मंदिर से प्रारंभ हुई और साकेतधाम स्थित महाकाल मंदिर में यात्रा का विश्राम हुआ. बता दें कि श्रवण मास के अमावश्या तथा छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार हरेली के पावन अवसर पर भगवान श्री महाकाल की भव्य पालकी यात्रा 12 अगस्त बुधवार को डोंगरगांव नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई. इस पालकी यात्रा में पारंपरिक ढोल-ताशा और डमरू वादन ने श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह भर दिया. कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ अघोरी नृत्य और शिव आराधना ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया. भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों पर आधारित आकर्षक झांकियां भी यात्रा का विशेष आकर्षण रही. बाबा चंद्रमोलेश्वर महादेव की पालकी जैसे-जैसे नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ता गया. नगर में जगह-जगह सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा तोरण द्वार बनाकर पालकी का भव्य स्वागत किया गया. श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बाबा महाकाल का अभिनंदन किया. कई स्थानों पर शीतल जल एवं महाप्रसाद की व्यवस्था भी की गई. यात्रा को लेकर नगर में सुबह से ही धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ था पालकी यात्रा का विश्राम साकेतधाम स्थित भोलेनाथ जी के मंदिर हुआ, जहां श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण किया गया.

### तिरंगा हमारी आन बान शान है - डॉ. पन्नालाल बाफना



डोंगरगढ़ (दावा)। स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष को याद करते हुए समाजसेवी चिकित्सक डॉक्टर पन्नालाल बाफना ने कविता के माध्यम से अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा है कि,तिरंगा हमारी पहचान है।तिरंगा हमारी जान है। उस पर हमें अभिमान है। इसीलिए हमारा भारत देश महान है। इसीलिए जोरदार हिंदुस्तान है। उसका चमकता हुआ आसमान है।जय जवान जय किसान है। इसलिए हमारा भारत आलीशान है। डॉ बाफना ने आगे कहा कि,हमारा भारत देश विविधताओं से भरा देश है। हमारी भाषा अलग हो सकती है, हमारी वेशभूषा अलग हो सकती है, हमारी परंपराएँ अलग हो सकती हैं- लेकिन तिरंगे के नीचे हम सबकी पहचान एक है। हम भारतीय हैं। इस पर हमें गर्व है।

# शहीद नगरी छुईखदान में गूंजा राष्ट्रभक्ति का जयघोष, तिरंगे के सम्मान में निकली भव्य मंडल स्तरीय तिरंगा यात्रा



छुईखदान (दावा)। देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञता की भावना से ओतप्रोत हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा अभियान के तहत छुईखदान मंडल भाजपा द्वारा भव्य मंडल स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में भारत माता की जय, वंदे मातरम् और अमर शहीदों के गगनभेदी जयघोष से पूरा नगर राष्ट्रभक्ति के भाव से गुंजायमान रहा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह जी की अगुवाई में निकली यह तिरंगा यात्रा टिकरापारा से प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक होते हुए बाजार लाइन तक पहुँची। हाथों में लहराते तिरंगे और जिला महामंत्री नवनीत जैन के भारतमाता की जय, तिरंगे झंडे, अमर शहीदों वन्देमातरम के गगनभेदी जयघोष के साथ स्वर में स्वर मिलाकर गूंजते माहौल ने पूरी तिरंगा यात्रा को ऊर्जा से लबरेज कर दिया। देशभक्ति के नारों के साथ भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने नागरिकों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को और मजबूत करने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपा महामंत्री डॉ. नवनीत सतीष जैन, वरिष्ठ नेता आनंद सिन्हा, ज्ञान यादव, शैलेश जैन, ललित चोपड़ा, मंडल महामंत्री रौशन चंद्राकर, बलराम जंघेल, सन्नी एल्डरमैन श्रीमती किरण गुप्ता, राजू उइके, ठाकुर राम साहू, मनमोहन जंघेल, नरोत्तम मंडावी, नवीन चंद्राकर, शुभम विश्वास, महावीर जैन, आनंद ठाकुर, नरेश वर्मा, संदीप वैष्णव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**तिरंगे के सम्मान और शहीदों के बलिदान का संकल्प**

तिरंगा यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन करते हुए सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव को सर्वोच्च रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता, स्वाभिमान, एकता और करोड़ों देशवासियों की भावनाओं का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति को जन-जन तक पहुंचाने और नई पीढ़ी को राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास एवं वीर सपूतों के बलिदान से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। शहीद नगरी छुईखदान में निकली इस भव्य तिरंगा यात्रा ने नगरवासियों में राष्ट्रभक्ति की भावना को और प्रबल किया तथा पूरे क्षेत्र को ''हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा'' के संकल्प से जोड़ने का संदेश दिया।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर गोटूलमुंडा में होगा 80 पौधों का वृक्षारोपण




मोहला (दावा)। स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मोहला क्षेत्र के ग्राम गोटूलमुंडा में विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। प्राथमिक शाला गोटूलमुंडा तथा समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य पहल विद्यालय के प्रधानपाठक दिनेश कुमार सहारे एवं सहायक शिक्षक मक्खन लाल साहू द्वारा की गई है। अभियान के तहत ''80 पौधे-80वीं स्वतंत्रता का हरित उपहार'' थीम पर 80 पौधे लगाए जाएंगे। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि इस पहल का उद्देश्य केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें पूर्ण वृक्ष के रूप में विकसित करने का सामूहिक संकल्प लेना है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रहेगी। इस दौरान उपस्थित लोगों और बच्चों को जल-संरक्षण, स्वच्छता तथा पर्यावरण रक्षा के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। शिक्षकों का कहना है कि राष्ट्रीय पर्व को प्रकृति संरक्षण से जोड़ने का यह प्रयास बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और देशभक्ति का भाव मजबूत करेगा। आयोजन समिति ने समस्त ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पौधारोपण अभियान को सफल बनाने तथा एक-एक पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी लेने की अपील की है।

# डोंगरगढ़ में गूंजा देशभक्ति का जज्बा, नगरपालिका से निकली भव्य तिरंगा रैली



**पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे के नेतृत्व में शहरवासियों को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने के लिए किया गया प्रेरित**

डोंगरगढ़ (दावा)। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत डोंगरगढ़ शहर में देशभक्ति का अनूठा उत्साह देखने को मिला। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ द्वारा पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में शिरकत की।

उल्लेखनीय है कि देशभर में 9 अगस्त से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपने-अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने और देशभक्ति व राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करना है। इसी कड़ी में डोंगरगढ़ में भी भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

**देशभक्ति के नारों से गुंजायमान हुआ शहर**

नगर पालिका परिसर से शुरू हुई यह रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। हाथों में तिरंगा थामे जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और युवाओं ने भारत माता के जयकारों व गगनभेदी देशभक्ति के नारों से पूरे माहौल को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। रैली के माध्यम से शहरवासियों से अपील की गई कि वे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठानों में सम्मानपूर्वक राष्ट्रध्वज फहराएं।

पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि राष्ट्रध्वज हमारी आन-बान और शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेमी भावना को और प्रगाढ़ करने का सशक्त माध्यम है। रैली के जरिए शहर के हर नागरिक से इस राष्ट्रीय उत्सव में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# घर घर तिरंगा अभियान के तहत सरपंच नंद साहू के नेतृत्व में शाला परिवार द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली



डोंगरगढ़(दावा)। 'घर-घर तिरंगा' अभियान भारत की स्वतंत्रता दिवस के जश्न का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। यह अभियान 9 अगस्त से 17 अगस्त तक मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करना है। देश के विभिन्न शहरों, गांवों और वार्डों में नागरिकों, युवाओं व राजनीतिक-सामाजिक संगठनों द्वारा रैलियां और तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इस दौरान झंडा फहराने के नियम की जानकारी से आम जनों,छात्र छात्राओं को अवगत कराया जाता है। उन्हें बताया जा रहा है कि,ध्वज का सम्मान और गरिमा बनी रहनी चाहिए।झंडा फटा या गंदा नहीं होना चाहिए। इसे किसी भी स्थिति में जमीन या फर्श को नहीं छूना चाहिए। तिरंगा रैली के तहत शहर-शहर निकाली जा रही इन देशभक्ति रैलियों और जन-भागीदारी की झलक देखने को मिल रही है।

शहर की सीमा में स्थित ग्राम अछोली में भी घर - घर तिरंगा अभियान के तहत वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ के अवसर पर शासन द्वारा चलाए जा रहे तृतीय चरण में सरपंच नंद साहू के नेतृत्व में ग्राम अछोली स्थित प्राथमिक शाला,पूर्व माध्यमिक शाला के प्रचार्य मोहन लाल साहू, शिक्षक मिताली सिंह, रेणुका बेयौरा, भारती देवांगन, अर्चना टंडन, ललित कुमार साहू, एवं पंचायत प्रतिनिधियों , उप सरपंच पुखराज साहू, सचिन पूर्णिमा मंडावी, रोजगार सचिव पूनम और पूर्राम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ, स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति की मिसाल पेश की। घर घर तिरंगा यात्रा विद्यालय परिसर से विद्यार्थियों द्वारा कतारबद्ध हाथ में झंडा से आरंभ होकर गांव के विभिन्न चौक - चौराहा से गुजरते हुए ग्राम पंचायत अछोली पहुंचा। जहां देशभक्ति के जयकारों से जय घोष किए गए।

तिरंगा यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण जनों को तिरंगा यात्रा से जोड़ना एवं वंदे मातरम की 150 वी गौरवशाली इतिहास के बारे में जागरूक करना है। इस दौरान सरपंच नंदकुमार साहू ने ग्रामीण जनों से 15 अगस्त से घर-घर तिरंगा फहराने की अपील की है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह खैरागढ़-ऐतिहासिक राजा फतेह सिंह खेल मैदान में होगा

खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी खैरागढ़ में देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले का जिला स्तरीय समारोह जिला मुख्यालय खैरागढ़ के ऐतिहासिक राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जारी निर्णय के अनुसार समारोह में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके बाद वे परेड की सलामी लेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री का संदेश भी वाचन किया जाएगा।



स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश पर जिले के विभिन्न विभागों को समारोह से संबंधित जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। प्रशासनिक अमला समारोह को व्यवस्थित और गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियों में जुटा हुआ है।

मैदान में परेड, ध्वजारोहण और अन्य निर्धारित कार्यक्रमों को लेकर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**शासन के निर्देश पर जिला मुख्यालयों में होंगे आयोजन**

राज्य शासन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों में ध्वजारोहण के लिए मुख्य अतिथियों का निर्धारण किया है।। इसी क्रम में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के जिला मुख्यालय खैरागढ़ में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे को मुख्य अतिथि बनाया गया है। वे राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ-साथ परेड की सलामी लेंगे तथा स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी मुख्य अतिथि के व्दारा किया जाएगा।

**80 वें स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह, सांसद संतोष पांडे करेंगे ध्वजारोहण**



**ऐतिहासिक राजा फतेह सिंह खेल मैदान बनेगा राष्ट्रीय पर्व का साक्षी**

संगीत नगरी के ऐतिहासिक राजा फतेह सिंह खेल मैदान एक बार फिर स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह का साक्षी बनेगा। समारोह में जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिस एवं प्रशासनिक अमले, विद्यार्थियों और विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता रहेगी। राष्ट्रीय पर्व को लेकर शहर में भी उत्साह का माहौल है। जिला प्रशासन द्वारा समारोह स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ सुरक्षा, यातायात, बैठक व्यवस्था, मंच, ध्वनि व्यवस्था और अन्य तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां दी गई हैं।। विभागीय अधिकारी अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप तैयारियों को पूरा करने में जुटे हैं।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश पर विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारी स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने विभिन्न विभागों के बीच कार्यों का समन्वय किया है। कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों को समारोह स्थल की व्यवस्थाओं से लेकर कार्यक्रम के सुचारू संचालन तक अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं।। प्रशासन का प्रयास है,कि जिला स्तरीय यह समारोह राष्ट्रीय पर्व की गरिमा और प्रोटोकॉल के अनुरूप भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो। 15 अगस्त को फतेह सिंह खेल मैदान में होने वाला यह आयोजन जिले के लिए महत्वपूर्ण रहेगा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और देशभक्ति की भावना के बीच आयोजित होने वाले समारोह में जिलेभर से लोग शामिल होंगे।

# पहला कॉलम...

## शेयर बाजार, सेंसेक्स 180 अंक लुढ़का

मुंबई। वैश्विक तनावों के बीच गुरुवार के सत्र में भारतीय शेयर बाजार ने मिश्रित रुख के साथ कारोबार की शुरुआत की। निवेशक एक ओर मजबूत घरेलू आर्थिक संकेतकों और लगातार बने हुए निवेश प्रवाह का आकलन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कच्चे तेल की कीमतों को लेकर बनी अनिश्चितता भी बाजार की धारणा को प्रभावित कर रही है। इसी वजह से शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी सीमित दायरे में कारोबार करते नजर आए।

इस बीच, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अपने पिछले बंद 77,966.35 से 145.56 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,111.91 पर खुला, तो वहीं एनएसई निफ्टी 50 अपने पिछले बंद 24,435.95 से 4.35 अंक गिरकर 24431.60 पर सपाट खुला। हालांकि कुछ समय बाद दोनों प्रमुख सूचकांकों में और गिरावट दर्ज की गई। हालांकि खबर लिखे जाने तक सेंसेक्स 180 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,775 के आसपास ट्रेड करता नजर आया, जबकि निफ्टी 50 95.75 (0.39 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 24,340.20 पर कारोबार करता नजर आया।व्यापक बाजार में निफ्टी मिडकैप में 0.15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप में 0.33 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली।

## श्रीलंका दौरे से पहले सावधान : भारतीय सीमर्स को मोर्केल का अहम मैसेज

गाले। भारत के बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्केल ने टीम के तेज़ गेंदबाज़ों से कहा है कि वे श्रीलंका की गर्मी, उमस और कूकाबुरा गेंद के बदलते मिज़ाज के हिसाब से जल्दी ढलें। उन्होंने ज़ोर दिया कि शनिवार से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ में जोश बनाए रखना और दबाव बनाने के नए तरीके खोजना बहुत ज़रूरी होगा।

घुटने की चोट के कारण जसप्रीत बुमराह के सीरीज़ से बाहर होने से भारत के तेज़ गेंदबाज़ी विभाग को बड़ा झटका लगा है। अब मोहम्मद सिराज तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण के सबसे अनुभवी सदस्य हैं, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़ और हाल ही में टीम में शामिल किए गए आकिब नबी अन्य विकल्प हैं।

क्रिकइन्फो के अनुसार, मोर्केल ने कहा, ÷हमारे पास हुनर ??है और योजना भी होगी, लेकिन श्रीलंका आने पर सबसे बड़ी चुनौती गर्मी, उमस और कूकाबुरा गेंद का जल्दी नरम पड़ना है। यह 25 या 30 ओवर के बाद नरम हो जाएगी, इसलिए हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। ऐसे हालात में सब कुछ आपकी सोच पर निर्भर करता है। अगर आप तेज़ गेंदबाज़ हैं और छोटे स्पेल में गेंदबाज़ी कर रहे हैं, तो गेंद में जो ऊर्जा आप लगाते हैं और उसे सही जगह पर डालते हैं - इससे आपको हमेशा मौका मिलेगा। बॉलिंग कोच चाहते हैं कि भारत के तेज़ गेंदबाज़ अपने स्पेल की शुरुआती अवस्था का पूरा फ़ायदा उठाएं और फिर गेंद के पुराने होने पर मौके बनाने के लिए दूसरे तरीके अपनाएं। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे टेस्ट मैच आगे बढ़ेगा, उम्मीद है कि उछाल में थोड़ी असमानता आएगी। बात यह है कि हम कैसे जोश के साथ लगातार ओवर फेंक सकते हैं और दबाव बना सकते हैं, क्योंकि हमने पिछले कुछ महीनों में ज़्यादा रेड-बॉल क्रिकेट नहीं खेला है; इसलिए उसमें वापस लौटना भी एक चुनौती होगी।

## मेसी को अचानक गले लगाने वाला जोहान रोमाना का वीडियो वायरल

नई दिल्ली। इंटर मियामी के लिए लियोनेल मेसी की वापसी के दौरान एक अनोखा और दिल को छू लेने वाला पल देखने को मिला, जब लीग्स कप मैच में क्लब लियोन के डिफेंडर जोहान रोमाना ने अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेसी को गले लगाकर चौंका दिया। यह दिलचस्प वाकया तब



हुआ जब दोनों खिलाड़ी मैदान पर खेल रहे थे; रोमाना ने मुकाबले के तनावपूर्ण पल को मेसी के प्रति सम्मान दिखाने वाले यादगार लम्हे में बदल दिया। मेसी, रोमाना को छकाकर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे, तभी लियोन के डिफेंडर ने उन्हें रोक दिया। लेकिन, बस हट जाने के बजाय, रोमाना ने अचानक मेसी को गले लगाया और उन्हें हवा में उठा लिया। इस हरकत से मेसी थोड़े हैरान रह गए, लेकिन फिर मुस्कुरा दिए; खेल के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच यह एक खुशनुमा पल था। यह पल मेसी के लिए काफी भावुक था, क्योंकि वे हाल ही में अपने पिता जॉर्ज मेसी के निधन के बाद फुटबॉल में लौटे थे। इंटर मियामी के कप्तान अपने परिवार के साथ रहने और उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए अर्जेंटीना गए थे। इसलिए, मैदान पर उनकी वापसी और भी खास थी क्योंकि वे एक मुश्किल दौर के बाद फिर से फुटबॉल खेल रहे थे।

# टेबल टेनिस महासंघ की मान्यता रद्द; आईओए को एड हॉक कमेटी गठित करने का निर्देश

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने सख्त रुख अपनाते हुए टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया की मान्यता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। इसके साथ ही मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ को खेल का कामकाज सुचारू रूप से चलाने और प्रशासनिक कमियों की गहन जांच के लिए तुरंत एक एड-हॉक (तदर्थ) कमेटी का गठन करने का कड़ा आदेश दिया है। सरकार की इस बड़ी कार्रवाई से पूरे खेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

खेल मंत्रालय द्वारा की गई इस सख्त कार्रवाई के पीछे कई बड़ी वजहें बताई जा रही हैं। मंत्रालय के अनुसार, टीटीएफआई समय पर अपने चुनाव कराने में पूरी तरह से विफल रहा था, जो खेल नियमों का सीधा उल्लंघन है। इसी साल की शुरुआत में सरकार ने महासंघ के कामकाज और प्रशासनिक खामियों को लेकर एक सख्त कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। हालांकि, टीटीएफआई की तरफ से इस नोटिस का कोई संतोषजनक और स्पष्ट जवाब

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
MINISTRY OF
YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
खेल मंत्रालय ने रद्द की टीटीएफआई की मान्यता
TTFI
Table Tennis Federation of India

नहीं दिया गया, जिसके बाद मंत्रालय को मान्यता रद्द करने जैसा कड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा। आदेश में कहा गया है कि आईओए अब अंतरराष्ट्रीय संस्था से सलाह लेकर महासंघ की सभी कमियों को दूर करेगा।

टेबल टेनिस महासंघ में पिछले काफी समय से भारी खींचतान और उथल-पुथल का दौर चल रहा था। वर्तमान में टीटीएफआई की कमान मेघना अहलावत के हाथों में थी, जो इसकी पहली महिला अध्यक्ष हैं। मेघना हरियाणा के कद्दावर नेता और विधायक दुष्यंत चौटाला की पत्नी हैं, और उन्होंने दिसंबर 2022 में महासंघ के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली थी। उनके कार्यकाल के दौरान ही इसी साल जनवरी में वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाते हुए महासचिव और पूर्व दिग्गज खिलाड़ी कमलेश मेहता को सस्पेंड कर दिया गया था। हालांकि, मेहता ने इसके खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से उनके निलंबन को रद्द कर दिया गया था, जिससे महासंघ की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे।

महासंघ के खिलाफ इस बड़ी कार्रवाई की पटकथा देश की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी (पैडलर) मनिका बत्रा से जुड़े विवाद के बाद ही लिखी जाने लगी थी। दरअसल, टीटीएफआई ने एशियाई खेलों की टीम से मनिका बत्रा को अचानक बाहर का रास्ता दिखा दिया था, जिसके बाद यह संस्था गहरे विवादों में घिर गई थी। मनिका ने महासंघ के इस मनमाने फैसले की सार्वजनिक रूप से कड़ी आलोचना की और सीधे खेल मंत्रालय से मामले में दखल देने की मांग की थी।

# मिचेल स्टार्क ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



इंटरनेशनल लेफ्ट हैंडर्स डे पर रचा इतिहास

नई दिल्ली। मिचेल स्टार्क ने एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज हो चुका है। इसके पहले दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल 198 रन पर ही आउट हो गई, इसके बाद जब बांग्लादेश की बल्लेबाजी शुरू हुई तो मिचेल स्टार्क ने ही पहला विकेट लिया। इस विकेट को लेने के साथ ही मिचेल स्टार्क टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बाएं हाथ के गेंदबाज बन गए। मजे की बात ये है कि उन्होंने ये कीर्तिमान इंटरनेशनल लेफ्ट हैंडर्स डे पर बनाया है।

बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए पहले दिन पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी, लेकिन टीब्रेक के कुछ ही देर बाद पूरी टीम केवल 198 रन बनाकर आउट हो गई। स्टीव स्मिथ ने अर्धशतकीय पारी खेली, लेकिन बाकी किसी भी बल्लेबाज का उन्हें साथ नहीं मिला। यही कारण रहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली बार बांग्लादेश के खिलाफ 200 से कम के स्कोर पर आउट हो गई। इसके बाद बांग्लादेश की टीम बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी। उनके सलामी बल्लेबाज सादमान इस्लाम और तंजीद हसन तमीम ने टीम को सधी हुई शुरुआत देने की कोशिश की, लेकिन पारी के नौवें ओवर में मिचल स्टार्क ने दूसरी ही बॉल पर सादमान इस्माल को आउट कर दिया। उनका कैच नाथन लॉयन ने लपका।

## कैनेडियन ओपन : ब्रैंडन नाकाशिमा ने राफेल जोडार को हराकर फाइनल में जगह बनाई

मॉन्ट्रियल। ब्रैंडन नाकाशिमा ने अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में नाकाशिमा ने बेहतरीन फॉर्म में चल रहे स्पेन के राफेल जोडार को हराकर फाइनल में जगह बनाई। नाकाशिमा ने 7-6 (3), 6-4 से जीत दर्ज की। हार के साथ ही राफेल जोडार का राफेल नडाल के बाद कैनेडियन ओपन फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का सपना टूट गया। मुकाबले की बात करें, तो टाई-ब्रेक पर एक कड़ा शुरुआती सेट जीतने के बाद, नाकाशिमा ने दूसरे सेट में 5-4 पर सर्विस करते हुए चार ब्रेक पॉइंट बचाए। नाकाशिमा ने जोदार के शुरुआती दो सर्विस गेम में बिना कोई ब्रेकथ्रू किए छह ब्रेक पॉइंट हासिल किए। उन्होंने आसानी से सर्व बनाए रखा, इससे पहले कि जोदार को 4-4 पर



ओपनर में नाकाशिमा की सर्व पर अपना एकमात्र मौका मिला। हालांकि, नाकाशिमा 0-30 से बच गए। टाईब्रेक में, जोदार के फोरहैंड से नेट में उनके विरोधी को 2-4 के लिए पहला मिनी-ब्रेक मिला। दूसरे सेट की शुरुआत में, नाकाशिमा ने एक चतुर हाफ-वॉली विनर बनाया और जोदार की दूसरी सर्व पर अटैक किया। जोडार ने फिर से सर्व गंवा दी और 0-2 पर बने रहे। नाकाशिमा ने फिर दो ब्रेक पॉइंट बचाए। जोडार ने बाद में फिर से पकड़ बनाए रखी, 2-4 पर एक और ब्रेक पॉइंट और 3-5 पर दो मैच पॉइंट बचाए, जिसमें से एक शानदार ड्रॉप शॉट से मिला।

नाकाशिमा दो बार बुरी तरह चूकने के बाद 0-30 पर आ गए। जोडार ने उसे तब जाने दिया जब उसके बैकहैंड पासिंग शॉट ने नाकाशिमा को वॉली का मौका दिया। एक ब्रेक पॉइंट आया लेकिन नाकाशिमा ने सर्व को बाहर मार दिया।

जोडार ने एक और मैच पॉइंट बचाया जब उसका बैकहैंड बेसलाइन को छू गया और 26-शॉट की रैली खत्म हुई और वह एक बार फिर बैकहैंड पासिंग शॉट के साथ लाइन पर टिका रहा। नाकाशिमा ने 28 विनर्स और 28 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मैच खत्म किया।

## डार्विन टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 198 रन पर सिमटी, बांग्लादेश के लिए हसन महमूद ने लिए 6 विकेट

डार्विन। बांग्लादेश के खिलाफ डार्विन में गुरुवार से शुरू हुए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी मात्र 198 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज सिर्फ 53 ओवर तक बांग्लादेशी गेंदबाजों का सामना कर सके। बांग्लादेश के लिए दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने 6 विकेट लिए। टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला लेने वाली ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी की शुरुआत करने आए ट्रेविस हेड और जेक वेदराल्ड जल्दी-जल्दी आउट हो गए। वेदराल्ड 23 और ट्रेविस हेड 22 रन बनाकर आउट हो गए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए मार्नस लाबुशेन मात्र 1 रन बनाकर आउट हो गए। कैमरन ग्रीन 13, एलेक्स कैरी 19, ब्यू वेबस्टर 12 रन बनाकर आउट हुए। निचले क्रम के बल्लेबाजों से



भी उपयोगी अंशदान नहीं आया। लगातार गिरते विकेटों के बीच पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ ने अर्धशतक लगाया और टीम को 198 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए स्मिथ ने 109 गेंदों पर 7 चौकों और 1 छक्के की मदद से 71 रन की पारी खेली। स्मिथ नौवें विकेट के रूप में आउट हुए। उनके आउट होते ही ऑस्ट्रेलियाई पारी सिमट गई। बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने कंडीशन का पूरा फायदा उठाया और घातक गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को उनके घर में घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

हसन महमूद सबसे सफल गेंदबाज रहे। महमूद ने 17 ओवर में 3 मेडन फेंकते हुए 55 रन देकर 6 विकेट लिए। टेस्ट में यह तीसरा मौका है, जब हसन ने एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए हैं। तस्कीन अहमद ने 2 और एबादत होसैन ने 2 विकेट लिए।

## पीएसजी ने लगातार दूसरी बार जीता यूईएफए सुपर कप, फाइनल में एस्टन विला को हराया

साल्जबर्ग । विला ने भी जोरदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कई बार पीएसजी के डिफेंस को भेदने में कामयाबी हासिल की। विला के 17 साल और 212 दिन के खिलाड़ी ब्रायन मैडजो पीएसजी डिफेंस के लिए सबसे मुश्किल साबित हुए।

ख्विचा क्वारात्शेलिया और डिजायर डोए के गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने यूरोपा लीग विजेता एस्टन विला को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार यूईएफए सुपर कप का खिताब जीता। मैच के दौरान कभी-कभी एस्टन विला के दबाव में दिखी पीएसजी ने अपने अनुभव, रणनीतिक समझ और व्यक्तिगत प्रदर्शनों की बदौलत जीत हासिल की। पिछले सीजन में पीएसजी के हीरो रहे क्वारात्शेलिया ने स्टेडियन साल्जबर्ग में धूम मचा दी। जॉर्जियाई स्टार ने डूए का पास लिया और फिर अंदर कट करके मार्को बिजोट के ऊपर से एक जोरदार शॉट लगाते हुए गोल का सिलसिला शुरू किया।

विला ने भी जोरदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कई बार पीएसजी के डिफेंस को भेदने में कामयाबी हासिल की। विला के 17 साल और 212 दिन के खिलाड़ी ब्रायन मैडजो पीएसजी डिफेंस के लिए सबसे मुश्किल साबित हुए।

ब्रायन मैडजो ने विला की तरफ से एकमात्र गोल मारा और सबसे कम उम्र के सुपर कप स्कोरर के तौर पर अपना नाम दर्ज करा लिया। खेल के 61वें मिनट में पीएसजी ने बढ़त बनाई। डोए ने सब्सटीट्यूट ओस्मान डेम्बेले की सटीक थ्रू बॉल पर बिजोट को छकाते हुए शानदार गोल किया।

## कैनेडियन ओपन : इगा स्वियाटेक और एलेना रायबाकिना के बीच होगा महिला एकल फाइनल

टोरंटो । कैनेडियन ओपन में महिला एकल का फाइनल मुकाबला इगा स्वियाटेक और एलेना रायबाकिना के बीच होगा। स्वियाटेक ने एलिना स्वितोलिना को और रायबाकिना ने कोको गॉफ को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। इगा स्वियाटेक ने एलिना स्वितोलिना को पहले सेमीफाइनल में 6-3, 1-6, 6-3 से हराया।

स्वियाटेक ने स्वितोलिना के खिलाफ तीन मुकाबलों में अपनी पहली जीत हासिल की और अपने करियर के 14वें डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में भी जगह बनाई। बारिश के कारण अपने तय समय से एक घंटे बाद कोर्ट पर उतरीं, स्वियाटेक ने कंट्रोल हासिल करने से पहले शुरुआती गेम में कुछ ब्रेक पॉइंट बचाए। उन्होंने मैच शुरू करने के लिए पहले चार गेम जीते और स्वितोलिना के पहले तीन सर्विस गेम में ब्रेक किया।

यूक्रेनी खिलाड़ी स्वितोलिना तब तक कोई होल्ड नहीं कर पाई जब तक वह 5-2



से पीछे नहीं हो गई और केवल एक ब्रेक ही रिकवर कर पाई। लेकिन, दूसरे सेट में उन्होंने अपना आक्रामक खेल दिखाया जिसका उन्हें फायदा मिला। स्वितोलिना ने पोल की खिलाड़ी के साथ रैली करने से मना कर दिया, और हर बॉल पर बड़े कट लगाए। उसे 5-0 की बढ़त बनाने के लिए दो ब्रेक मिले। यूक्रेन की खिलाड़ी पौलेंड की स्वियाटेक की सर्व पर तीन सेट पॉइंट के साथ लगभग एक बैगल जीत ही गई थी, लेकिन उसे एक ब्रेडस्टिक से ही संतोष करना पड़ा।

स्वितोलिना तीसरे सेट की शुरुआत में ही आगे रही और स्वियाटेक के शुरुआती सर्विस गेम में दबाव डाला। उसने शुरुआती गेम में ब्रेक करने के कुछ मौके गंवा दिए, लेकिन पांचवें गेम में उसे गोल में बदलकर 3-2 से आगे हो गई।

जब ऐसा लगा कि मैच यूक्रेन की खिलाड़ी के हाथ में है, उसी समय वह सुस्त हो गई। स्वियाटेक ने इस सुस्ती का फायदा उठाया, और तुरंत ब्रेक करके लगातार चार गेम का सिलसिला शुरू किया, जिसमें लव पर एक ब्रेक भी शामिल था, जिससे वह 5-3 से आगे हो गई, और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

दूसरे सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की दूसरी सीडेड एलेना रायबाकिना ने चौथी सीडेड अमेरिकन कोको गॉफ को 5-7, 6-2, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित....**

कुल 12 नए बिल पेश किए गए और सभी 12 बिल पास हुए। इनमें टैक्स, बैंकिंग, खनन, ट्रिब्यूनल और जन्म-मृत्यु पंजीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक शामिल रहे। परीक्षाओं में नकल रोकने, केरल के नाम में बदलाव और सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने से जुड़े बिल भी सत्र में आए।

0 आखिरी दिन मोदी-शाह और राहुल सदन में मौजूदः सत्र के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में मौजूद रहे। सत्ता पक्ष और विपक्ष के अन्य सांसद भी सदन में मौजूद थे। हालांकि, आखिरी दिन भी राजनीतिक टकराव कम नहीं हुआ। विपक्षी दलों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, जबकि भाजपा सांसदों ने भी विपक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किया।

0 पहली बार वंदे मातरम के साथ शुरू हुई लोकसभा की कार्यवाहीः मानसून सत्र के आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही की शुरुआत 'वंदे मातरम' के छह छंदों के साथ हुई। संसद के इतिहास में यह पहली बार था जब निचले सदन की बैठक राष्ट्रीय गीत के साथ शुरू हुई। इसके बाद लोकसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही भी राष्ट्रगान के बाद अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा वंदे मातरम को कानूनी सुरक्षा प्रदान करने वाले कानून को मंजूरी दिए जाने के कुछ दिनों बाद सामने आया। इससे पहले केंद्र सरकार ने आधिकारिक समारोहों में राष्ट्रगीत के गायन को लेकर नए दिशा-निर्देश भी जारी किए थे।

0 संसद परिसर में आमने-सामने आए भाजपा और विपक्षः सत्र के अंतिम दिन संसद परिसर में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच प्रदर्शन देखने को मिला। मकर द्वार के पास भाजपा और विपक्षी दलों के सांसदों ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया और कांग्रेस पर झारखंड में जारी विरोध प्रदर्शनों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। वहीं विपक्षी दलों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाए रखा।

0 नीट और राम मंदिर चंदा मामले पर भी हुआ हंगामाः मानसून सत्र के दौरान कई राजनीतिक मुद्दों को लेकर सदन की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। नीट पेपर लीक आंदोलन के दौरान छात्रों पर पुलिस कार्रवाई का मुद्दा विपक्ष ने प्रमुखता से उठाया। राम मंदिर चंदा चोरी मामले को लेकर भी सदन में सवाल उठाए गए। इन मुद्दों पर चर्चा और सरकार के जवाब की मांग को लेकर कई बार हंगामा हुआ।

0 अमित शाह ने कहा था- हर सवाल का जवाब देने को तैयारः सत्र के अंतिम चरण में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सरकार विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से विपक्ष के साथ चर्चा कर छात्रों के मुद्दे पर समय तय करने का आग्रह भी किया था। इसके बावजूद अंतिम दिन तक सदन में गतिरोध पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। नारेबाजी और विरोध के बीच कार्यवाही को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना पड़ा।

0 ओम बिरला नहीं पढ़ सके पारंपरिक विदाई भाषणः सदन में लगातार हंगामे के कारण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पारंपरिक विदाई भाषण भी नहीं पढ़ सके। आमतौर पर सत्र के अंतिम दिन अध्यक्ष सदन के कामकाज और उत्पादकता का लेखा-जोखा पेश करते हैं। इस बार व्यवधान के कारण यह परंपरा पूरी नहीं हो सकी। इससे भी सत्र के दौरान हुए लगातार गतिरोध की तस्वीर साफ होती है।

**हल्द्वानी 'शुद्धिकरण' विवाद संसद पहुंचा....**

उन्हें पकड़ा जाना चाहिए। इस पर कोई दो राय नहीं है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने इस घटना से भाजपा को अलग करने की कोशिश करते हुए खड़गे को आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा, कृपया बार-बार यह मत कहिए कि हमने (भाजपा ने) यह किया। भाजपा ऐसी गतिविधियों का समर्थन नहीं करती। उन्होंने आगे कहा, मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि वहां जो कुछ भी हुआ, उसकी निश्चित तौर पर जांच होगी। पार्टी अध्यक्ष खुद इस मामले को देखेंगे। यह हम सभी के लिए बेहद खेद की बात है कि आपकी भावनाएं आहत हुईं। इस पर खड़गे ने स्पष्ट किया कि वे इस घटना के लिए किसी को दोष नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं कह रहा हूं कि मामला दर्ज करें, उन्हें गिरफ्तार करें। हमारी यही मांग है।

0 आखिर क्या है पूरा विवाद?: यह मामला उत्तराखंड में एक बड़ा राजनीतिक विवाद बन चुका है। इस शुद्धिकरण समारोह का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें एक पुजारी को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कराते हुए देखा जा सकता है।

एक अन्य वीडियो में आयोजकों में से एक व्यक्ति यह कहते नजर आता है कि इस स्थान का धार्मिक महत्व है और इसे सख्ती से केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ही आरक्षित रखा जाना चाहिए, न कि राजनीतिक आयोजनों के लिए। TOI की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस अनुष्ठान का बचाव करते हुए संगठन के एक सदस्य गिरीश चंद्र पांडे ने कहा कि खड़गे की रैली के दौरान लगाए गए कुछ नारे इस्लामिक नारों जैसे लग रहे थे।

0 कांग्रेस और भाजपा में तीखी बयानबाजीः उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने आरोप लगाया कि यह अनुष्ठान श्री राम सेना नामक संगठन ने करवाया, जिसे उन्होंने भाजपा से जुड़ा हुआ बताया। हालांकि भाजपा ने इस आरोप को खारिज कर दिया है। गोदियाल ने दावा किया कि यह अनुष्ठान इसलिए कराया गया क्योंकि खड़गे दलित समुदाय से आते हैं, और उन्होंने भाजपा पर समाज में जातिगत विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने तो इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी की मांग तक कर डाली। प्रियंका ने कहा, यह मानसिकता साफ तौर पर भाजपा और आरएसएस की विचारधारा को दर्शाती है। इसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। इस घटना को लेकर राजद की ओर से भी तीखी प्रतिक्रिया आई, जिसने भाजपा पर ऐसे जातिवादी कट्टरपंथियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

**भरत तिवारी एनकाउंटर मामलाः सीएम....**

सभी संलिप्त आरोपियों को भी जल्द से जल्द कानून के शिकंजे में लाया जाना चाहिए। यह पूरी घटना बिहार के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिलौटी गांव की है, जहां 17 जून 2026 को पुलिस कार्रवाई के दौरान भरत भूषण तिवारी को मार गिराया गया था। पुलिस की ओर से चलाई गई गोलीबारी में भरत तिवारी को पांच गोलियां लगी थीं। इस घटना से ठीक एक दिन पहले भरत तिवारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह कथित तौर पर पुलिस पर पिस्तौल ताने हुए नजर आ रहा था।

**नांदेड़ के गुरुद्वारे में अकाली दल...**

0 सुखबीर बादल की हालत स्थिरः हमले के बाद सुखबीर सिंह बादल को अस्पताल ले जाया गया। रिपोर्टों के मुताबिक उनकी हालत स्थिर है। फिलहाल पुलिस हमले की परिस्थितियों, आरोपी और उसके मकसद की जांच कर रही है। सुखबीर सिंह बादल पर हमले के आरोपी जसपाल सिंह तेजपाल को घटना के कुछ ही देर बाद पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और हमले के पीछे की वजह का पता लगाने के लिए जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक, 62 वर्षीय जसपाल सिंह तेजपाल पुणे के रहने वाले वकील हैं और पिछले करीब दो वर्षों से नांदेड़ के माता साहिब गुरुद्वारे में सेवा कर रहे थे। आरोप है कि उन्होंने सुखबीर सिंह बादल पर उस समय हमला किया, जब एसएडी प्रमुख गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद बाहर निकल रहे थे। हमला गुरुद्वारा परिसर के अंदर हुआ। घटना के दौरान सुखबीर सिंह बादल की सुरक्षा में तैनात पुलिस इंस्पेक्टर भी घायल हुए हैं। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर हमले की वजह और पूरी घटना के क्रम की जांच कर रही है।

**भाजपा नेत्री सरोज पांडेय के बैंक अकाउंट....**

0 RTI में बैंक खाते के अस्तित्व से इनकारः लेखराम साहू का आरोप है कि भाजपा नेत्री सरोज पांडेय ने 2018 के राज्यसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग को दिए गए अपने शपथ पत्र में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एक अकाउंट की जानकारी छिपाई थी। इससे पहले याचिकाकर्ता ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी जनरल मैनेजर को बतौर गवाह कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए थे, लेकिन उन्होंने 'थर्ड पार्टी इंफॉर्मेशन' का हवाला देकर डेटा देने से मना कर दिया था। हालांकि, आरटीआई से मिली जानकारी में इस बैंक खाते के अस्तित्व से इनकार नहीं किया गया है।

0 गवाह बनने से इनकार कर चुकी हैं सरोज पांडेयः सरोज पांडेय की तरफ से पहले ही हाईकोर्ट में कहा जा चुका है कि वे इस केस में अपनी ओर से कोई गवाह पेश नहीं करेंगी और न ही गवाह देने नहीं आएंगी। बुधवार (12 अगस्त 2026) को लेखराम साहू की तरफ से वकीलों ने कहा कि क्योंकि सरोज पांडेय ने खुद गवाही देने से मना कर दिया है, इसलिए उनसे क्रॉस-एग्जामिनेशन संभव नहीं है।

ऐसे में कथित रूप से छिपे हुए बैंक अकाउंट की सच्चाई सामने लाने का एकमात्र कानूनी रास्ता 'बैंकर्स बुक्स एविडेंस एक्ट, 1891' की धारा 6 है। इस कानून के तहत कोर्ट को यह विशेष अधिकार प्राप्त है कि वह बैंक को निर्देश देकर किसी भी संबंधित पक्ष के बैंक खाते की जानकारी मंगवा सकती है और उसे सबूत के रूप में रिकॉर्ड पर ले सकती है।

**आय से अधिक संपत्ति के मामले....**

का आदेश दिया था। यह पूरा मामला कर्नाटक के निवासी और बीजेपी कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दायर की गई एक आपराधिक रिट याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी के पास उनकी घोषित आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं अधिक संपत्ति मौजूद है। इस याचिका पर इन-कैमरा सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सीबीआई और ईडी को कानून के मुताबिक जांच आगे बढ़ाने और साक्ष्य मिलने पर कार्रवाई करने की छूट दी थी। सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में राहुल गांधी के वकीलों ने तर्क दिया है कि हाईकोर्ट में दायर की गई जनहित याचिका याचिका कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है और यह पूरी तरह से राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है।

**हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस से...**

गया है। इसकी कीमत करीब 1.96 करोड़ रुपए आंकी गई है। डीआरआई नागपुर ने दोनों के खिलाफ कस्टम एक्ट, 1962 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। उन्हें कोर्ट में पेश करने की प्रक्रिया भी की जा रही है। अब डीआरआई यह पता लगाने में जुटी है कि सोना कहां से लाया गया था और इसे किसे पहुंचाया जाना था। एजेंसी इस मामले से जुड़े दूसरे लोगों और सोने की तस्करी के नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

**ईरानी सेना ने डोनाल्ड ट्रंप के दावे को....**

डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को सोशल मीडिया पर दावा किया था कि अमेरिका के पास स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर टोटल कंट्रोल है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका इस रणनीतिक जलमार्ग का नियंत्रण अपने पास बनाए रख सकता है। ट्रंप के इस बयान के बाद ईरान की ओर से आया जवाब दोनों देशों के बीच होर्मुज को लेकर जारी सैन्य और रणनीतिक टकराव को और स्पष्ट करता है। फिलहाल दोनों पक्ष इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर अपने-अपने नियंत्रण का दावा कर रहे हैं।

**दुर्ग या बिलासपुर में लागू हो....**

सरकार अगर यह फैसला लेती है तो राजधानी में शहर और ग्रामीण पुलिस की मौजूदा अलग-अलग व्यवस्था खत्म कर पूरे रायपुर जिले को एक कमिश्नरेट के तहत लाने की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है। 15 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुलिस परेड ग्राउंड से ही रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की घोषणा की थी। इसके बाद कैबिनेट की मंजूरी और प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी कर 23 जनवरी 2026 से इसे लागू किया गया। एक साल बाद उसी मंच से कमिश्नरेट सिस्टम के अगले चरण का ऐलान होने की संभावना है। इसलिए इस बार मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता दिवस भाषण में पुलिसिंग से जुड़े इन ऐलानों पर खास नजर रहेगी। 15 अगस्त को मुख्यमंत्री रायपुर के पुलिस मैदान में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे।

प्रस्तुति से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की मुख्य परेड विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। परेड में कुल 17 टोलियां सलामी देंगी। इनमें सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल की टुकड़ियां शामिल होंगी। इसके अलावा बिहार पुलिस की एक टुकड़ी भी इस बार परेड में हिस्सा लेगी। मुख्य परेड में छत्तीसगढ़ पुलिस की पुरुष और महिला टुकड़ियों के साथ-साथ जेल पुलिस, होम गार्ड और NCC की यूनिट्स भी शामिल होंगी। अलग-अलग सुरक्षा बलों और पुलिस इकाइयों की टुकड़ियां कदम से कदम मिलाकर मार्च करते हुए समारोह की भव्यता बढ़ाएंगी। वहीं, इस बार माउंटेड यूनिट और डॉग स्क्वाड भी अपने विशेष प्रदर्शन से दर्शकों का ध्यान आकर्षित करेंगे। इन दोनों यूनिट्स के प्रदर्शन को समारोह के प्रमुख आकर्षणों में शामिल किया गया है।

# कस्तूरबा महिला मंडल में सावन उत्सव की बिखरी मनोहारी छटा

राजनांदगांव (दावा)। शहर की समाज सेवी महिलाओं द्वारा कस्तूरबा महिला मंडल के बैनर तले कस्तूरबा भवन में सावन उत्सव धूमधाम से मनाया। छत्तीसगढ़ का लोक पर्व हरेली की पूर्व संध्या आयोजित इस सावन उत्सव कार्यक्रम में जहां एक ओर नृत्य गीत संगीत की मनोहारी छटा बिखरी रही। वहीं भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक सहित श्री सत्यनारायण पूजा कार्यक्रम में धर्म एवं अध्यात्म का माहौल बना रहा। शहर की समाज सेवी महिलाओं का संगठन कस्तूरबा महिला मंडल, आराधना मंच, वात्सल्य कुटुंब, गुजराती महिला मंडल, अग्रवाल महिला मंडल,सनातन धर्म सभा आदि की महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान शंकर की पूजा- आराधना कर सबकी खुशहाली की दुआएं मांगी और हरियाली पर्व की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



नृत्य गीत संगीत के बीच भगवान शिव का हुआ रुद्राभिषेक, श्री सत्यनारायण की हुई पूजा

### श्रावण उत्सव में सम्मानित हुए समाजसेवी

कस्तूरबा भवन में गरिमामय ढंग से आयोजित सावन उत्सव में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक एवं समाज सेवा से संबंधित कार्य करने वाले चिकित्सा के क्षेत्र में सुप्रसिद्ध डॉ. चेतन साहू, कला साहित्य के क्षेत्र में शहर सहित पूरे जिले भर में अनवरत गतिविधियां चलाने वाले छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा अकाट्य, राजगामी संपदा की नवअध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू व बोरी स्कूल के प्रतिभावान छात्र का शाल, श्रीफल सहित श्री माल्य प्रदान कर सम्मान किया गया। इस दौरान कस्तूरबा की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी ने सबको सावन उत्सव व हरियाली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं, घर-परिवार की सुख शांति व स्वयं की मन की शांति के लिए पूजा-पाठ में भी ध्यान लगाएं। इसी तरह संस्कारधानी नगरी के अनुरूप लोग अपने रचनात्मक एवं सेवा भावी कार्यों से शहर का एक विशिष्ट पहचान बना कर इस की गरिमा में श्री वृद्धि करें।

### घूमर नृत्य में महिलाओं ने जमकर लुफ्त उठाया

कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी, अध्यक्ष श्रीमती अलका जानी, सचिव श्रीमती साधना तिवारी की संयोजना में आयोजित सावन उत्सव कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा कविता, गीत, संगीत की? आकर्षक प्रस्तुति दी गई वहीं रजनी अग्रवाल ,कमला सरिता शर्मा आदि द्वारा किए गए मनोहारी घूमर नृत्य ने लोगों का दिल जीत लिया। इसी तरह राजस्थानी गरबा नृत्य में महिलाओं के सामूहिक नृत्य का जमकर जलवा बिखरा और ऐसे- ऐसे स्टेप्स दिखाएं कि लोग देखते रह गए। कार्यक्रम में डोंगरगांव से पधारी अर्चना जी ने सोलह श्रृंगार से संबंधित रचना पढ़ी वहीं बोरी स्कूल? की प्राचार्य अनिता सहारे ने पर्व प्रसंग पर अपने काव्यात्मक उद्बोधन से लोगों को खासा प्रभावित किया। इस दौरान महिलाओं द्वारा विभिन्न खेल खेलें गए व सावन झूले का आनंद लिया गया।

इस दौरान राजगामी संपदा की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू,कस्तूरबा महिला मंडल की वरिष्ठ संरक्षिका श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी, शारदा तिवारी, अध्यक्ष अलका जानी, सचिव साधना तिवारी, कोषाध्यक्ष आशा गुप्ता, शोभा चोपड़ा, अनिता जैन, माया अग्रवाल, शोभारानी चौरसिया, अर्चना दास, वात्सल्य कुटुंब की विद्या पांडे, निधी बाजपेयी, अनिता बाजपेयी, सरिता शर्मा, आराधना मंच की प्रभा बरडिया, उमा खंडेलवाल, सरोज कोटड़िया, कविता पारख, गुजराती समाज की रेखा लाल, चंद्रिका साहू, अग्रवाल समाज की किरण अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, उर्मिला गुप्ता, संध्या तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला टॉस्क फोर्स की बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिशु संरक्षण माह के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। सीईओ जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने कहा कि शिशु संरक्षण माह का आयोजन 18 अगस्त से 24 सितंबर 2026 तक किया जाएगा।

इस दौरान 6 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को टीकाकरण 17 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से विटामिन ए एवं आईएफएससी सिरप पीलाई जाएगी। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रूप से साथ कार्य करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने 6 माह से 5 वर्ष के सभी अभिभावकों से अपने बच्चों के समग्र शारीरिक, बौद्धिक एवं मानसिक विकास के लिए निर्धारित टीकाकरण सत्रों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर विटामिन ए एवं आईएफए सिरफ पिलाने की अपील की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान 6 मंगलवार एवं 6 शुक्रवार को विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किया जाएंगा। जिनमें 95 हजार 443 बच्चों को आईएफए सिरप तथा 90 हजार 141 बच्चों को विटामिन ए का सिरप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। विटामिन ए के सेवन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। आंखों की सुरक्षा होती है तथा बाल मृत्यु दर में कमी आती हैं। इसके साथ ही दस्त, खसरा, रतौंधी जैसे रोग से बचाव के साथ कुपोषण की रोकथाम में भी मदद मिलती है। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, एसडीएम गौतम पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव अनिकेत साहू, एसडीएम डोंगरगढ़ विश्वास कुमार, डॉ. बीएल तुलावी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कायस्थ समाज ने धूमधाम से मनाया सावन संगिनी उत्सव 2026

खैरागढ़ (दावा)। सावन की हरियाली, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक उल्लास के बीच खैरागढ़ में कायस्थ समाज की महिलाओं ने 'सावन संगिनी उत्सव 2026' के जरिए सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत संदेश दिया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के तत्वावधान में 9 अगस्त को सांस्कृतिक भवन, खैरागढ़ में आयोजित यह उत्सव पारंपरिक गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में खैरागढ़ के साथ रायपुर और राजनांदगांव से बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं शामिल हुईं।




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रायपुर से पहुंचीं श्वेता संजय श्रीवास्तव, संरक्षक कायस्थ समाज रायपुर रहीं। वहीं प्रसिद्ध समाजसेवी अरुण लता श्रीवास्तव (रायपुर) और प्रतिमा श्रीवास्तव, अध्यक्ष, कायस्थ समाज राजनांदगांव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अतिथियों और समाज की महिलाओं ने मिलकर सावन के पारंपरिक उत्सव का आनंद लिया। आयोजन में रायपुर से कनकलता वर्मा, दिव्या श्रीवास्तव, मंगला श्रीवास्तव, रमा श्रीवास्तव और रीना निगम की विशेष मौजूदगी रही। वहीं राजनांदगांव से उषा श्रीवास्तव, पुष्पा श्रीवास्तव, शशिबाला श्रीवास्तव, मधुबाला श्रीवास्तव, अमिता श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्तव, हेमलता श्रीवास्तव, संजना श्रीवास्तव, जयलक्ष्मी श्रीवास्तव एवं दिव्या श्रीवास्तव ने सहभागिता की।

उत्सव के दौरान पारंपरिक गीतों और सांस्कृतिक गतिविधियों ने सावन के उल्लास को और जीवंत कर दिया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आपसी मेलजोल और भाईचारे को मजबूत करने के साथ अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का संकल्प लिया। आयोजन ने समाज की महिलाओं को एक मंच पर लाने के साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला प्रकोष्ठ केसीजी जिला की कार्यकारिणी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिलाध्यक्ष दीप्ति श्रीवास्तव, सचिव अमिता श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष नुपुर श्रीवास्तव के साथ डॉ. रश्मि खरे, शशिमाला श्रीवास्तव, अनिता श्रीवास्तव, सुनीता बक्शी, शीतल श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव, रुचि बक्शी, पूनम श्रीवास्तव, वैशाली खरे, रश्मि खरे, सुनीता बक्शी और सोमनिशा खरे सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

### खेल और शिक्षा में उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान

सावन उत्सव को सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन के साथ प्रतिभाओं के उत्साहवर्धन का मंच भी बनाया गया। इस अवसर पर समाज की उभरती प्रतिभाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय इंडो-नेपाल फुटबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले श्रेयांश श्रीवास्तव को सम्मानित कर उनकी खेल उपलब्धि की सराहना की गई। वहीं 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हासिल करने वाले अक्षांश श्रीवास्तव का भी विशेष सम्मान किया गया। आयोजन के माध्यम से महिला प्रकोष्ठ ने सावन की परंपराओं को उत्सव के रूप में जीवंत करने के साथ सामाजिक सहभागिता, आपसी भाईचारे और प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने का संदेश दिया। उत्सव में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को सावन के रंग में रंग दिया।

# ग्राम मुसरा में किसानों एवं ग्रामीणों से विष्णु लोधी ने किया जनसंवाद



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुसरा में किसानों एवं ग्रामीणजनों से आत्मीय जनसंवाद के दौरान सचिव जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के विष्णु लोधी ने समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने बिजली, स्मार्ट मीटर, खाद, धान खरीदी एवं रेलवे सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याएं प्रमुखता से सामने रखीं।

ग्रामीणों ने बिजली दरों में की गई पांच बार की बढ़ोतरी तत्काल वापस लेने, 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना पुनः शुरू करने, स्मार्ट मीटर हटाकर सामान्य मीटर लगाने तथा स्मार्ट मीटर के कारण बढ़े बिजली बिलों की जांच कर अतिरिक्त वसूली गई राशि वापस करने की मांग रखी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

किसानों ने खाद की कीमतें कम करने एवं समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, ?3,286 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी सुनिश्चित करने तथा पिछले दो वर्षों में समर्थन मूल्य में हुई वृद्धि की राशि किसानों को प्रदान करने की मांग रखी। वहीं तीसरी रेलवे लाइन के अंतर्गत नया प्लेटफॉर्म एवं शेड निर्माण की मांग भी ग्रामीणों ने रखी।

विष्णु लोधी ने कहा कि मैंने ग्रामीणों की सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना है। जनता की प्रत्येक न्यायोचित मांग को शासन-प्रशासन तक पूरी मजबूती से पहुंचाया जाएगा तथा उनके समाधान के लिए निरंतर संघर्ष किया जाएगा।

# कलेक्टर ने योजनाओं और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, योजनाओं की प्रगति तथा लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों से जुड़े आवेदनों एवं शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निराकरण की गति बढ़ाए।

### सेवा सेतु के लंबित आवेदनों की तहसीलवार समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने सेवा सेतु पोर्टल पर दर्ज समय-सीमा के लंबित आवेदनों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से लंबित आवेदनों की संख्या, उनकी स्थिति तथा निराकरण में आ रही कठिनाइयों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूरी की जाए और पात्र हितग्राहियों को समय पर सेवाओं का लाभ मिले। कलेक्टर ने सेवा सेतु में लंबित आवेदनों के संबंध में संबंधित सचिवों से भी जानकारी ली और कहा कि आवेदन लंबित रहने के कारणों की समीक्षा कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों को शासकीय सेवाओं के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए आवेदन प्रक्रिया और निराकरण व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए।

### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण बढ़ाने पर जोर

बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिक संख्या में लंबित आवेदनों वाले विभागों की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए निराकरण का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का केवल औपचारिक निराकरण न किया जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा शिकायतों के निराकरण की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए।



समय-सीमा के लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश, सीएम हेल्पलाइन एवं सेवा सेतु के प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा

### नियद नेल्लानार और एग्रीस्टैक पोर्टल में किसान पंजीयन की समीक्षा

कलेक्टर ने बैठक में नियद नेल्लानार योजना तथा एग्रीस्टैक पोर्टल में किसानों के पंजीयन की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पात्र किसानों का पंजीयन प्राथमिकता से पूर्ण कराने तथा पोर्टल पर आवश्यक जानकारी समय पर अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए पंजीयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न राजस्व प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व से संबंधित आम नागरिकों के प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए पुराने मामलों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए।

### अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर विभागवार योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक विभाग की योजनाओं की प्रगति और उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए जहां प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां आवश्यक सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जाए तथा प्रगति का प्रतिशत बढ़ाया जाए।

### 14 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

बैठक में आगामी 14 अगस्त को आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान से संबंधित तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले में हर घर तिरंगा, भारत विभाजन की विभीषिका और वंदे मातरम् से संबंधित जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में भी निर्धारित कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों को देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से अवगत कराया जाए। कार्यक्रमों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ई-ऑफिस की समीक्षा, सभी विभागों की ऑनबोर्डिंग पूर्ण करने के निर्देश बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली की प्रगति की भी समीक्षा की गई।।कलेक्टर ने जानकारी ली कि किन-किन विभागों द्वारा अभी तक ई-ऑफिस की आईडी तैयार नहीं की गई है।

# मिनीमाता की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने किया नमन, बताए सामाजिक योगदान

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी, शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। दाऊचौरा स्थित मिनीमाता की मूर्ति पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पूजा-अर्चना कर मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके सामाजिक योगदान को याद किया।



इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित, शोषित और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के साथ महिलाओं और कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके विचार आज भी समाज को समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरूण भारद्वाज ने कहा कि मिनीमाता का जीवन सेवा, त्याग और संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव और कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करते हुए कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप सिरमौर ने कहा कि मिनीमाता ने सामाजिक समानता और महिलाओं के सम्मान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका संघर्ष आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंचाने के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू, शहर अध्यक्ष अरूण भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सिरमौर, नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, जिला महामंत्री आकाशदीप सिंह, भीखम छाजेड़, नरेन्द्र सेन, देवेन्द्र तोड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। सीईओ जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी कहा कि शासन के निर्देशानुसार 9 से 17 अगस्त 2026 तक तीन चरणों में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



जिला पंचायत सीईओ ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली
सीएम हेल्पलाईन के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने कहा
14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन

उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन अंतर्गत निराकरण में जिला अग्रिम रहा है। आगे भी सीएम हेल्पलाईन के आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग ई-फाईल में लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि 18 अगस्त को नशा मुक्त भारत अंतर्गत राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विद्यार्थियों एवं युवाओं को ई-शपथ के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारी करने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ ने सीएम जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, सुशासन तिहार, पीजी एवं पीजीएन पोर्टल के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

सीईओ जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से अधिक से अधिक लाभान्वित करें। एग्रीस्टेक ने किसानों का पंजीयन बढ़ाने के लिए कहा। हाई रिस्क वाली गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी निजी डायग्नोस्टिक सोनोग्राफी कराने कहा तथा समय पर रिपोर्ट देने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि घुमका ब्लाक को 24 दिसम्बर तक टीबी मुक्त करने की दिशा में प्राथमिकता से कार्य करें और प्रगति लाएं। हाईकोर्ट के लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के लिए कहा। उन्होंने एचपीवी टीकाकरण, यूवीन पोर्टल, पोषण ट्रेकर, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव अनिकेत साहू, एसडीएम डोंगरगढ़ विश्वास कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# राजनांदगांव में ईडी की रेड, भंसाली और नाहटा समूह के घर और ठिकानों पर छापेमारी

राजनांदगांव (दावा)। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने राजनांदगांव में बड़े कारोबारियों के घर और ठिकानों पर छापेमारी कार्रवाई की है। सुबह 5 बजे वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने दबिश देकर कार्रवाई शुरू की। बताया जाता है कि ईडी की टीम ने डीएमएफ घोटाले से जुड़े मामले में नाहटा और भंसाली ग्रुप से जुड़े प्रतिष्ठान के ठिकानें पर रेड मारी है। शहर के सत्यम विहार कॉलोनी में यश और रोमिल नाहटा के घर और कार्यालय में जांच चल रही है। इधर कामठी लाइन में कारोबारी भंसाली के घर ईडी की टीम दस्तावेजों की जांच कर रही है।

### भोपाल और रायपुर से पहुंची अधिकारियों की टीम

मिली जानकारी के अनुसार, ईडी की टीम सुबह रायपुर और भोपाल से पहुंची प्रवर्तन निदेशालय की टीम राजनांदगांव पहुंची और सत्यम विहार कॉलोनी स्थित नाहटा के ठिकाने पर और कामठी लाइन में भंसाली के ठिकाने पर रेड मारी है। ईडी की टीम अभी भी दस्तावेजों की जांच कर रही है। बता दें कि ललित भंसाली सरकारी टेंट हाउस का काम संभालते हैं।



### चल रही संदिग्ध दस्तावेजों की जांच

ईडी की टीम डीएमएफ घोटाले से जुड़े वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड की जांच कर रहे है। सबसे खास बात यह है कि इन दोनों ही ठिकानों पर अक्टूबर 2025 में भी ईडी की टीम कार्रवाई कर चुकी है। वहीं एक बार फिर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया है। ईडी के वरिष्ठ अधिकारी वित्तीय लेन-देन, आयकर रिटर्न और तमाम संदिग्ध दस्तावेजों के पुराने रिकार्ड खंगाल रहे हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखने के लिए संबंधित परिसरों के बाहर स्थानीय पुलिस बल तैनात किया गया है।

### व्यावसायिक गलियारों में मचा हड़कंप

तड़के हुई इस अचानक छापेमारी के बाद से ही राजनांदगांव के व्यावसायिक और राजनीतिक हलकों में खलबली मच गई है। अब तक यह नहीं पता चला है कि यह कार्रवाई किस विशिष्ट मामले या वित्तीय अनियमितता के सिलसिले में की जा रही है। पूरी जांच प्रक्रिया संपन्न होने और अधिकारियों के आधिकारिक बयान सामने आने के बाद ही इस पूरे मामले का वास्तविक खुलासा हो सकेगा।

# खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा एक्शन: अवमानक खाद्य सामग्री बेचने वालों पर 68 हजार का जुर्माना

### कलेक्टर के निर्देश पर त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों पर नकेल कसने विशेष जांच अभियान जारी

### शहर सहित डोंगरगांव, डोंगरगढ़ व छुरिया के दर्जनों प्रतिष्ठानों से दूध, पनीर, मावा व मिठाइयों के सैंपल जांच हेतु लैब भेजे गए

### अन्नपूर्णा डेयरी का पनीर, श्याम सिटी का कुंदा और तुलसी पानी पाउच निकला अवमानक, गणेश किराना का पान मसाला पाया गया 'असुरक्षित'



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार आगामी त्योहारी सीजन के दृष्टिगत नागरिकों को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा मिलावट खोरी पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जिले खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण, नमूना संग्रहण एवं दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा हर्षिता ट्रेडर्स से शिव गोल्ड चक्की आटा, विष्णु किराना स्टोर्स कलकसा से सितार पान मसाला, एमवाय ट्रेडर्स अर्जुनी से राइस ब्रान तेल, जय शक्ति स्टोर्स अर्जुनी से राज भोग चक्की आटा, श्री बजरंग किराना स्टोर्स खुज्जी से चना दाल, शिव कुमार देवांगन किराना स्टोर्स खुज्जी से मूंग दाल, नागवानी कान्फेक्सनरी से लड्डू बर्फी, लक्ष्मीनारायण स्वीट्स से मिल्क ड्राई फ्रूट स्वीट्स, लक्ष्मी किराना डोंगरगांव से चायपत्ती, साहू किराना स्टोर्स छुरिया से भोरमदेव चक्की फ्रेश आटा एवं बंसल सोयाबीन तेल, जय भोले किराना स्टोर्स टप्पा डोंगरगांव से चना सत्तू, ओलिव पिज्जा राजनांदगांव से पिजा, तमन्ना इंटरप्राइजेज से हाईड एंड सीक बिस्कुट, दृष्टि फूड एण्ड डेरी से पनीर, यदु डेयरी राजनांदगांव से दूध, नमो ट्रेडिंग इमाम चौक राजनांदगांव से चीस एनालाग, ए-1 डेयरी से पनीर, होटल एरीना से प्याज ग्रेवी, होटल ग्रैंड विस्टा से पनीर, मोती स्वीट्स राजनांदगांव से पनीर, ओम चना किराना से पास्ता, तेल एवं बेसन, बिंदल मिठास डोंगरगढ़ से पनीर, बेसन लड्डू एवं घेवर तथा काश्वी इंटरप्राइजेज डोंगरगढ़ से बेसन लड्डू एवं मगज लड्डू, न्यू लीला होटल एवं स्वीट्स मोहरा रोड से बूंदी लड्डू, समोसा, भजिया एवं चिवड़ा के नमूने संकलित कर प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, परिवहन नाकों एवं अन्य प्रमुख मार्गों व माध्यमों से जिले में प्रवेश करने वाले सभी खाद्य पदार्थों पर सतत एवं कड़ी निगरानी रखने हेतु निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्थिति में अमानक अथवा मिलावटी सामग्री बाजार व उपभोक्ताओं तक नहीं पहुँच सके इसके लिए विशेष रूप से अन्य राज्यों या बाहरी जिलों से भारी मात्रा में आने वाले खोवा (मावा), पनीर, घी तथा अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांचने और संदिग्ध खेप की तत्काल सैंपलिंग करने हेतु अधिकारियों की टीम को सक्रिय किया गया है। साथ ही स्वतंत्रता दिवस पर सामान्य रूप से परोसे जाने वाले बूंदी लड्डू पर भी निगरानी रखी जा रही है।

उन्होंने बताया कि विगत दिनों अवमानक पाए गए प्रकरणों में दंडात्मक कार्रवाई करते हुए जैन डेयरी को पनीर के अवमानक पाए जाने पर 30 हजार रूपए, हरिओम डयरी को अवमानक पनीर पर 18 हजार रूपए, हिन्द पानी पाउच के अवमानक पाए जाने पर 10 हजार रूपए तथा लेमन साल्ट सॉफ्ट ड्रिंक के अवमानक पाए जाने पर 10 हजार रूपए का कुल 68 हजार रूपए अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। पूर्व में संकलित किए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर श्याम सिटी होटल डोंगरगढ़ का कुंदा, अन्नपूर्णा डेयरी राजनांदगांव का पनीर, विष्णु किराना स्टोर्स कलकसा का सितार पान मसाला, बसंतीलाल अग्रवाल डोंगरगढ़ का चोको जेम्स एवं पंकज ट्रेडिंग कंपनी राजनांदगांव का तुलसी पानी पाउच अवमानक पाया गया है, जबकि गणेश किराना स्टोर्स राजनांदगांव का सितार (पान मसाला) असुरक्षित पाया गया है।

ये सभी प्रकरण वर्तमान में विवेचनाधीन हैं और इनमें शीघ्र जांच पूर्ण कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। आगामी त्यौहारों को देखते हुए नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के दृष्टिगत खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले में यह विशेष जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले के समस्त नागरिकों एवं उपभोक्ताओं से खाद्य सामग्री खरीदते समय सचेत एवं जागरूक रहने, खुली एवं संदिग्ध सामग्री से बचने, पक्की रसीद लेने की अपील की गई है। खाद्य सामग्री विशेषकर पैकेट बंद सामान, दूध, खोवा, पनीर, मिठाई एवं तेल खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, निर्माण तिथि, उपयोग की अंतिम तिथि तथा एफएसएसआईए लाइसेंस नंबर जांचे। त्योहारी सीजन के दौरान अत्याधिक चमकीले रंगों वाली मिठाइयों, अत्यधिक सस्ती दरों पर उपलब्ध खोवा व पनीर एवं खुले में बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों को खरीदने से बचें। किसी भी प्रतिष्ठान से खाद्य सामग्री की खरीददारी करते समय बिल व रसीद अवश्य प्राप्त करें। किसी भी दुकान, होटल या डेयरी में मिलावटी, अमानक अथवा बासी खाद्य सामग्री के विक्रय की आशंका होने पर उसकी सूचना तत्काल कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन के हेल्पलाइन नंबर 9340597097 पर या सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 पर दी जा सकती है।

# जनदर्शन में महापौर के हाथों ट्राईसाईकल पाकर दिव्यांग के चहरे पर झलकी खुशी

0 दिव्यांग के दैनिक जीवन को सरल बनाने के लिये महापौर ने उपलब्ध कराई ट्राईसाईकल

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के मोतीपुर वार्ड स्थित महापौर निवास में आयोजित आज के जनदर्शन कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव के विशेष प्रयासों से एक दिव्यांग के दैनिक जीवन को सरल बनाने के सादाशय से ट्राईसाईकल उपलब्ध करायी गयी। उल्लेखनीय है कि महापौर निवास में प्रत्येक गुरूवार एवं रविवार को आयोजित जनदर्शन में महापौर मधुसूदन यादव द्वारा न केवल राजनांदगॉव शहर एवं जिला, बल्कि संपूर्ण राजनांदगॉव लोकसभा क्षेत्र की जनता भी अपनी समस्या निवारण के लिये पहुॅचती हैं, जिन्हें महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव द्वारा यथासंभव सहयोग प्रदान कर समस्या निवारण हेतु यथोचित प्रयास किया जाता है। इसी तारतम्य में विगत रविवार को जनदर्शन में महापौर के पास पहुॅचे 16 वर्षीय दिव्यांग फरियादी मुकेश सोनकर आत्मज प्रमोद सोनकर निवासी वार्ड नं.11 शिवनगर, राजनांदगांव ने महापौर को आवेदन देकर स्वयं के लिये ट्राईसाईकल उपलब्ध करवाने के लिये गुहार लगाई थी। इस 16 वर्षीय दिव्यांग आवेदक ने महापौर को अवगत कराया था कि वह 5 सदस्यी निर्धन श्रमिक परिवार का सदस्य है, उसके मॉ-बाप मेहनत मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का जीवनयापन करते हैं, और आवेदक स्वयं सेरेब्रल पालिसी डिस्आर्डर के कारण 60



प्रतिशत विकलांगता से ग्रस्त है, जिसके कारण उसे अपने आवागमन हेतु ट्राईसाईकल की सख्त आवश्यकता है। महापौर ने आवेदक के आवेदन पर संवेदनशीलतापूर्वक संज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग से सारी औपचारिकताएॅ पूर्ण करवाकर आवेदक के लिये ट्राईसाईकल उपलब्ध करायी, जिसे आज महापौर निवास में आयोजित जनदर्शन में हितग्राही मुकेश सोनकर को महपौर जी के हस्ते प्रदान किया गया। महापौर मधुसूदन के हाथों नई ट्राईसाईकल पाकर दिव्यांग आवेदक मुकेश सोनकर के चेहरे पर खुशी की झलक साफ दिखाई दे रही थी। हितग्राही एवं उसके परिवार ने महापौर सहित शासन प्रशासन को तत्वरित कार्यवाही के लिये बारम्बार धन्यवाद दिया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह: विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे वजारोहण



### मुख्य समारोह का आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष 15 अगस्त 2026 को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। डॉ. रमन सिंह ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी लेंगे एवं परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा संदेश वाचन एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में परेड का मार्च पास्ट, परेड कमांडरों का परिचय एवं फोटोग्राफी, शहीद परिवारों से भेंट, पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# छुरिया में वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रिका डड़सेना ने निवास पर फहराया तिरंगा



छुरिया (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आज वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद डड़सेना के निवास स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सम्मानपूर्वक फहराया गया।

इस अवसर पर उनके साथ भाजपा मंडल महामंत्री छुरिया अशोक मरकाम विशेष रूप से उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित नेताओं व स्थानीय नागरिकों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# जनसंपर्क विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा, वंदे मातरम् एवं भारत विभाजन की विभीषिका स्मरण दिवस थीम पर विशेष फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

### वंदेमातरम् का उद्घोष करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की गाथा को संजोया गया

राजनांदगांव (दावा)। जनसंपर्क विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा, वंदे मातरम् एवं भारत विभाजन की विभीषिका स्मरण दिवस थीम पर नगर पालिक निगम राजनांदगांव के टाऊन हाल में विशेष फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। फोटो प्रदर्शनी में वंदेमातरम् का उद्घोष करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की गाथा एवं उपलब्धियों को संजोया गया है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत वंदेमातरम् की भावना का आह्वान करते हुए देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साहस एवं बलिदान का स्मरण करते हुए वंदेमातरम् के गौरवशाली 150 वर्षों की झांकी प्रस्तुत की गई है। नागरिक कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम राजनांदगांव के टॉऊन हाल में पहुंचकर विशेष फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं। फोटो प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग की पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन एवं शासन की योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट्स एवं किताबों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।




# जिला कांग्रेस महामंत्री विजय राज चौहान पर मामला दर्ज, ड्यूटी में तैनात जवान से गाली-गलौज और धमकी का आरोप

### पाटेकोहरा जांच चौकी के प्रधान आरक्षक की शिकायत पर बोरतलाव थाने में एफआईआर दर्ज

### वाहन चेकिंग के दौरान शासकीय कार्य में बाधा डालने व चक्काजाम की धमकी देने का आरोप, बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज

डोंगरगढ़ (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विजय राज चौहान के खिलाफ थाना बोरतलाव में शासकीय कार्य में बाधा डालने और ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान के साथ गाली-गलौज व अभद्रता करने के आरोप में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई है। यह मामला वाहन चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी को धमकाने और चक्काजाम की बात कहने से जुड़ा हुआ है।

पाटेकोहरा जांच चौकी में पदस्थ पीड़ित प्रधान आरक्षक कमलेश कुमार साहू द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, घटना 3 अगस्त दोपहर लगभग 12.30 बजे की है। वे डोंगरगढ़-बोरतलाव मार्ग पर ग्राम बरनारा कलां के पास मुख्य सड़क पर शासकीय वाहन से चेकिंग कार्रवाई कर रहे थे। इसी दौरान विजय राज चौहान अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचे और चेकिंग की कार्रवाई को जबरन रुकवा दिया।



### गाली-गलौज, चक्काजाम की धमकी और हमले का प्रयास

पीड़ित पुलिस जवान ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि विजय राज चौहान ने मौके पर पहुंचकर उनके साथ मां-बहन की अभद्र गालियां दीं और खुद को 'बाप' बताते हुए रंगदारी दिखाने का प्रयास किया। आरोपी द्वारा वहां चक्काजाम करने की धमकी दी गई। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि जब जवान शासकीय वाहन के अंदर जूता पहन रहा था, तब चौहान के साथ आए लड़कों ने उस पर हमला करने की कोशिश की।

### राजस्व की हानि और पुलिस कार्रवाई

पुलिसकर्मी के अनुसार, इस पूरे घटनाक्रम के कारण लगभग दो से तीन घंटे तक वाहन जांच का कार्य पूरी तरह बाधित रहा, जिससे शासकीय राजस्व का नुकसान हुआ। घटना की त्वरित सूचना प्रार्थी द्वारा प्रभारी अधिकारी को दी गई, जिसके बाद मामले से बोरतलाव थाना प्रभारी और एसडीओपी डोंगरगढ़ को अवगत कराया गया। पीड़ित जवान ने घटना के दौरान की गई वीडियो रिकॉर्डिंग भी साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत की है, जिसमें स्पष्ट रूप से गाली-गलौज और धमकी देने की आवाज सुनाई दे रही है।

प्रार्थी प्रधान आरक्षक की रिपोर्ट पर बोरतलाव पुलिस ने आरोपी विजय राज चौहान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 132, 221, 351(2), 352 एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया है। पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

समस्त नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com